प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर | गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक
मोर्निंग सिटी
सच के साथ...

वर्ष - 11, अंक - 11, 24 मई से 30 मई, 2026 | मूल्य- 10 रुपये | पृष्ठ 8 | WWW :morningcity.in

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म
मोर्निंग सिटी



# प्रकट हुए बाबा बर्फानी, बना 7 फीट का शिवलिंग

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अमरनाथ में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए हर साल लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले शनिवार को बर्फ से बने शिवलिंग बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर भी सामने आ गई है। मई 2026 के अंत में अमरनाथ गुफा में प्राकृतिक रूप से बर्फानी बाबा का दिव्य शिवलिंग लगभग 6–7 फीट की ऊंचाई के साथ पूर्ण आकार में प्रकट हो गया है। यात्रा शुरू होने से पहले ही सुरक्षाबलों और श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर लिए हैं, जिससे भक्तों में जबरदस्त उत्साह है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से बालटाल-सोनमर्ग और पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग से शुरू होगी। 57 दिन की यह यात्रा 28 अगस्त को रक्षा बंधन और सावन पूर्णिमा के दिन संपन्न होगी।

## अमरनाथ में जवानों ने किए पहले दर्शन, 3 जुलाई से शुरू होगी यात्रा

## 15 अप्रैल से शुरू हो चुके हैं एडवांस रजिस्ट्रेशन

### इस बार बाढ़ वाली जगह पर कैंप नहीं लगाए जाएंगे


इस साल सभी संवेदनशील हिस्सों और आपदा की आशंका वाले स्थानों को तीर्थयात्रियों के लिए 'नो-एंट्री जोन' घोषित किया गया है। बालटाल और नुनवान रास्तों के दोनों ट्रैक को चौड़ा किया गया है। पुलों को भी बेहतर बनाया गया है। बादल फटने और अचानक बाढ़ की घटनाओं को देखते हुए संवेदनशील जगहों पर कैंप नहीं लगाए जाएंगे।



### अमरनाथ यात्रा 2026 कब शुरू होगी?

इस पवित्र यात्रा के लिए एडवांस रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हो चुके हैं। श्रद्धालु अब यात्रा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से परमिट ले सकते हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए अब तक 3.6 लाख से ज्यादा श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। यात्रा मार्ग पर कई जगह अब भी 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है। लेकिन सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) दोनों रास्तों पर तेजी से ट्रैक बहाल करने में जुटा है। अधिकारियों का दावा है कि 15 जून तक दोनों रास्ते पूरी तरह तैयार कर दिए जाएंगे।

## चारधाम यात्रा का एक महीना पूरा, 20 लाख श्रद्धालु पहुंचे



चारों धामों के कपाट खुलने को शनिवार को एक महीना पूरा हो चुका है। अब तक 20 लाख से ज्यादा श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। वहीं, यात्रा के लिए अब तक 40 लाख से अधिक लोग रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। 2025 के शुरुआती एक महीने में 28 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसकी तुलना में इस बार रजिस्ट्रेशन कराने वालों की संख्या में लगभग 43% का उछाल आया है। उत्तराखंड पर्यटन विभाग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल चारधाम यात्रा के पहले महीने में लगभग 17.17 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए आए थे। इसकी तुलना में इस बार अब तक लगभग 10.62% अधिक श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं।

### 75 श्रद्धालुओं की हो चुकी है मौत

चारधाम यात्रा में बदलते मौसम और ऑक्सीजन की कमी के चलते यात्रा की शुरुआत (19 अप्रैल) से लेकर अब तक 75 श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ने के कारण मौत हो चुकी है। इनमें सबसे ज्यादा 38 मौतें केदारनाथ धाम में दर्ज की गईं। इसके बाद बद्रीनाथ में 19, यमुनोत्री में 10 और गंगोत्री धाम में 8 तीर्थयात्रियों की जान गई है।

## केरल में शुरू होगा 'ऑपरेशन तूफान : द नार्को हंट'

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने शनिवार को 'ऑपरेशन तूफान : द नार्को हंट' नामक राज्यव्यापी मादक पदार्थ विरोधी अभियान की घोषणा की, जिसका उद्देश्य मादक पदार्थ गिरोहों पर शिकंजा कसना और राज्य में नशीले पदार्थों के प्रसार पर रोक लगाना है। चेन्निथला ने यहां पुलिस मुख्यालय में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की पहली उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने के बाद इस पहल की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह विशेष अभियान एक जून से शुरू होगा, जो गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल खुलने के साथ ही आरंभ किया जाएगा। इसका ध्यान विशेष रूप से शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नशीली दवाओं के वितरण नेटवर्क को खत्म करने पर केंद्रित होगा। गृह मंत्री ने स्कूल परिसरों के निकट तंबाकू उत्पादों और मादक पदार्थों की बिक्री में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ, विशेष रूप से सिंथेटिक ड्रग्स, केरल में गंभीर खतरे के रूप में उभर रहे हैं और पुलिस आने वाले दिनों में इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए सघन अभियान चलाएगी।

### शांति समझौते पर बात किसी सिरे लगती नहीं आ रही नजर

# मिडिल ईस्ट में फिर जंग की आहट, ईरान पर नए हमले शुरू करने के मूड में ट्रंप

## इधर ईरान ने भेजा नया प्रस्ताव, -होर्मुज खोलने की कही बात

एजेंसी ▸▸| वाशिंगटन

ईरान के साथ शांति समझौते को लेकर अगर अंतिम समय की बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती है तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ नए हमले शुरू करने पर 'गंभीरता से विचार कर सकते हैं'। अमेरिकी मीडिया संस्थान 'एक्सियोस' ने शुक्रवार को खबर में यह जानकारी दी।

खबर में कहा गया कि ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार सुबह राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। इस बीच, पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ईरान की राजधानी तेहरान पहुंचे और कतर के एक प्रतिनिधिमंडल ने अंतिम समय में समझौता कराने के प्रयास में उनका साथ दिया। 'एक्सियोस' को दो अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार सुबह ईरान के साथ युद्ध के संबंध में अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई। राष्ट्रपति से सीधे बात करने वाले सूत्रों के अनुसार, ट्रंप वार्ता में अंतिम समय में कोई सफलता न मिलने की स्थिति में ईरान के खिलाफ नए हमले शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

### 'हर दिन इधर-उधर भेजा जा रहा मसौदा

इधर, मुनीर की मुलाकात ईरान के 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर' के कमांडर और ईरानी निर्णय प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जनरल अहमद वाहिदी से होने की उम्मीद है। 'एक्सियोस' की खबर में कहा गया कि राजनयिक प्रयासों से अवगत एक अमेरिकी अधिकारी ने वार्ता को बेहद 'चुनौतीपूर्ण' बताया और यह भी कहा कि मसौदा 'हर दिन इधर-उधर भेजा जा रहा है' लेकिन कोई खास प्रगति नहीं हो रही है।



### वार्ता में 'मामूली प्रगति'

शुक्रवार सुबह 'व्हाइट हाउस' (अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में ट्रंप के साथ हुई बैठक में उपराष्ट्रपति जे डी वेंस, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, सीआईए (सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी) के निदेशक जॉन रैटक्लिफ, व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ सूसी वाइल्स और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। ट्रंप ने 'व्हाइट हाउस' में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'ईरान समझौता करना चाहता है। देखते हैं क्या होता है। लेकिन हमने उन्हें कड़ा झटका दिया है और हमारे पास कोई विकल्प नहीं था क्योंकि ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। वे इसे नहीं रख सकते।' अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने स्वीडन में पत्रकारों से कहा कि ईरान के साथ वार्ता में 'मामूली प्रगति' हुई है।

### *ईरान ने भेजा प्रस्ताव लेकिन शर्तें भी रखीं*

*तेहरान। ईरान ने अमेरिका के साथ युद्ध खत्म करने के लिए मध्यस्थों को नया प्रस्ताव सौंपा है। ईरान का यह प्रस्ताव ऐसे समय में सामने आया है, जब वॉइट हाउस से लगातार ईरान को धमकी दी जा रही है। रिपोर्टों में कहा गया है कि ट्रंप प्रशासन ईरान के खिलाफ फिर सैन्य कार्रवाई शुरू करने की तैयारी कर रहा है। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी के हवाले से ड्रॉप न्यूज साइट ने बताया है कि तेहरान ने समझौते के ड्राफ्ट में कुछ शर्तें रखी हैं। इन शर्तों में होर्मुज जलडमरूमध्य को अस्थायी रूप से फिर से खोलना शामिल है, लेकिन यह बात पर तय करेगा कि पहले अमेरिका तेहरान की शर्तों को पूरा करना होगा। ये शर्तें हैं- अमेरिका ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी खत्म करे। ईरान की अरबों डॉलर की जब्त संपत्तियों को जारी करे। ईरान को युद्ध में हुए नुकसान के लिए मुआवजे की व्यवस्था हो।*

## चीन के कोयला खदान में गैस विस्फोट, 90 लोगों की मौत

200 से अधिक लोगों को बचाया गया



एजेंसी ▸▸| बीजिंग

उत्तरी चीन की एक कोयला खदान में गैस विस्फोट होने से 90 खनिकों की मौत हो गई, अब तक 201 खनिकों को बचाया गया है। बीजिंग के आधिकारिक समाचार पत्र 'चाइना डेली' ने जानकारी दी कि गैस विस्फोट शुक्रवार शाम लिउशेन्यु कोयला खदान में हुआ।

विस्फोट के बाद से बचाव अभियान जारी है। सरकारी समाचार पत्र 'चाइना डेली' की खबर के अनुसार, उत्तरी चीन के शानशी प्रांत के क्विनयुआन काउंटी में कोयला खदान में विस्फोट हुआ है। यह घटना उस समय हुई, जब खदान के अंदर कुल 247 मजदूर काम कर रहे थे। खदान के अंदर कार्बन मोनोऑक्साइड गैस का स्तर खतरनाक सीमा से ऊपर पहुंच गया था।

### सबसे बड़ा खनन हादसा

यह दुर्घटना पिछले दस वर्षों में चीन के सबसे घातक खनन हादसों में गिनी जा रही है। इससे पहले 2023 में उत्तरी चीन के इनर मंगोलियाा में एक ओपन-पिट कोयला खदान धंसने से 53 लोगों की मौत हुई थी। वहीं 2009 में हेइलोंगजियांग प्रांत की एक खदान में विस्फोट में 100 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। 2000 के दशक की शुरुआत में गैस विस्फोट और बाढ़ जैसी घटनाओं में बड़ी संख्या में मजदूरों की मौत होती थी।

### हैरानी की बात

हैरानी की बात यह है कि हादसे के तुरंत बाद शिन्हुआ ने शुरुआती रिपोर्ट में सिर्फ आठ मौत की जानकारी दी थी और कहा था कि 200 से ज्यादा मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। बाद में अचानक मृतकों की संख्या बढ़ाकर बताई गई। सरकारी मीडिया ने यह साफ नहीं किया कि आंकड़ा इतनी तेजी से कैसे बढ़ा।

### 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित कर पीएम मोदी बोले

# अनगिनत अवसर कर रहे इंतजार हमारी युवा ताकत की दुनिया में चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

पीएम मोदी ने 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 19वें रोजगार मेले में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि आज आप सभी देश की विकास यात्रा में अहम भागीदार बन रहे हैं। कई क्षेत्रों में आप सभी नई जिम्मेदारियां संभालने जा रहे हैं। आने वाले वर्षों में विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने में आप सभी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हैं। यहां तक पहुंचने के लिए आप सभी ने लंबी तैयारी और कड़ा परिश्रम जरूर किया होगा। इस उपलब्धि के लिए मैं आपको और आपके परिवार जनों को बधाई देता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि मैं दुनिया में जहां भी जाता हूं तो भारत की युवा ताकत की चर्चा करता हूं। मैं एक नए संकल्प की बात करता हूं। 2047 तक विकसित भारत के संकल्प के तहत देश अलग-अलग सेक्टर में निवेश कर रहा है। इससे युवाओं के रोजगार के लिए लाखों अवसर बन रहे हैं। आने वाले समय में भारत की 10 बड़ी सेमीकंडक्टर यूनिट दुनिया में अपना परचम लहराएगी। इसमें बड़ी संख्या में भारत के नौजवानों का सामर्थ्य होगा। स्वाभाविक है कि इससे रोजगार मिलेगा। भारत आज शिप बिल्डिंग से लेकर शिप रिपेयरिंग और ओवरहॉलिंग का इको सिस्टम बना रहा है। भारत आज एक बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरर है। ऐसे अनेकों अभियानों पर भारत का पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर मिलकर बहुत बड़ा निवेश कर रहा है। ये निवेश देश के युवाओं को देश में ही जॉब दे रहा है और उनके सपने पूरे कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत के युवा के पास जिस तरह के मौके हैं, ऐसा अवसर पहले नहीं मिला है। आज बहुत तेज गति से ये सब हो रहा है।



### ईज ऑफ डूइंग बिजनेस देश की प्राथमिकता

पीएम मोदी ने आगे कहा कि एक सरकारी कर्मचारी के नाते आपको भी ये ध्यान रखना है कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस देश की कितनी बड़ी प्राथमिकता है। भारत की ग्रोथ स्टोरी में इंफ्रास्ट्रक्टर की बहुत बड़ी भूमिका होती है। जब दूर-दराज के इलाके विकास से जुड़ते हैं तभी प्रगति का लाभ ज्यादा लोगों तक पहुंचता है। पिछले 12 वर्षों में हर स्तर पर काम हुआ है। आज गांवों में भी बदलाव तेजी से दिखाई दे रहा है। कनेक्टिविटी बढ़ने से किसानों, छोटे व्यापारियों और विद्यार्थियों के लिए नए रास्ते खुले हैं। करोड़ों नए परिवारों को पक्का मकान मिला है। मेरा स्वच्छता का अभियान मैं कभी लोगों को भूलने नहीं देता हूं। हम शौचालय की भूमिका पर भी बल दे रहे हैं। करोड़ों घरों तक आज बिजली पहुंची है।

## चीता हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार

नईदिल्ली. एजेंसी

भारतीय सेना का एक चीता लाइट हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। यह घटना बीते 20 मई को लद्दाख सेक्टर में हुई जिसकी जानकारी अब सामने आई है। नियमित उड़ान के दौरान इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार दोनों पायलट और डिवीजन कमांडर मेजर जनरल सचिन मेहता जख्मी हो गए, लेकिन अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सेना के अधिकारियों के मुताबिक, चीता लाइट हेलीकॉप्टर के दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच समिति गठित की गई है। हादसे की वजहों का पता लगाया जा रहा है। गनीमत रही कि इन हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## तृणमूल काउंसलर संजयदास का लटकता हुआ शव बरामद

साउथ दमदम. एजेंसी

साउथ दमदम नगर निगम में तृणमूल कांग्रेस के काउंसलर संजय दास का लटकता हुआ शव बरामद हुआ है। उनका शव नॉर्थ 24 परगना जिले के दमदम इलाके में उनके ही घर के अंदर से मिला। शव को दमदम नागरबाजार इलाके के एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, वह राजरहाट गोपालपुर विधानसभा की पूर्व रूरू अदिति मुंशी के पति थे और तृणमूल नेता देवराज चक्रवर्ती के करीबी थे।

## राजस्व मुकदमों में देरी पर तय होगी अफसरों की जवाबदेही: सीएम योगी




लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजस्व मामलों का सही निपटारा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। भूमि और राजस्व से जुड़े विवाद सामाजिक सौहार्द से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए इन मामलों में देरी स्वीकार्य नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा के बाद भी लंबित रहने वाले मामलों में संबंधित अधिकारियों और कार्मिकों की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने शनिवार को राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व न्यायालयों की कार्यक्षमता को और अधिक प्रभावी बनाया जाए ताकि आम नागरिक को शीघ्र न्याय मिल सके। निर्धारित समय सीमा से अधिक लंबित मुकदमों का अभियान चलाकर निस्तारण किया जाए। सीएम ने कहा कि तहसील और जनपद स्तर पर नियमित समीक्षा हो और कमजोर प्रदर्शन करने वाले जिलों की जवाबदेही तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली केवल आंकड़ों तक सीमित न रहे, बल्कि आम लोगों को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। बैठक में बताया गया कि आरसीसीएमएस पोर्टल के माध्यम से धारा-80 (भू-उपयोग परिवर्तन) के अंतर्गत लंबित वादों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। 1 जनवरी को कुल 85158 वाद लंबित थे, जिनमें से 77578 का निस्तारण किया गया था। वहीं 22 मई तक कुल लंबित वादों की संख्या घटकर 38166 रह गई, जिनमें 29543 वादों का निस्तारण किया गया। धारा-80 के मामलों में बस्ती, चित्रकूट, अयोध्या, बागपत और कन्नौज ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि मेरठ, वाराणसी, अमेठी, गौतमबुद्धनगर और हापुड़ का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर पाया गया। बैठक में बताया गया कि धारा-34 (दाखिल खारिज) के अंतर्गत लंबित वादों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। 1 जनवरी 2026 को कुल 2244466 वाद लंबित थे, जो 22 मई तक घटकर 1059139 रह गए। इस अवधि में 540945 वादों का निस्तारण किया गया। समीक्षा में बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अलीगढ़ और बदायूं का प्रदर्शन बेहतर पाया गया, जबकि गोरखपुर, संतकबीरनगर, प्रतापगढ़, बलिया और देवरिया अपेक्षित प्रगति नहीं कर सके।

## सम्पादकीय

# संघ, राष्ट्रवाद और कांग्रेस की सियासी असहजता

भारतीय लोकतंत्र का सौंदर्य उसकी विविधता, वैचारिक बहुलता और संवाद की परंपरा में निहित है। यहां असहमति को स्थान मिला है, आलोचना को भी। किंतु जब राजनीतिक विरोध मयार्दा की सीमा लांघकर राष्ट्रसेवा से जुड़े संगठनों, नेतृत्व और करोड़ों नागरिकों की वैचारिक आस्था को गद्दारी जैसे शब्दों से परिभाषित करने लगे, तब वह केवल राजनीतिक प्रतिक्रिया नहीं रह जाती, वह उस गहरी वैचारिक बेचैनी का उद्घाटन बन जाती है, जो लंबे समय से भारत की सांस्कृतिक राष्ट्रवादी चेतना के प्रति एक विशेष राजनीतिक मानसिकता के भीतर विद्यमान रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति राहुल गांधी की अमर्यादित टिप्पणी को इसी व्यापक संदर्भ में समझना होगा। यह विवाद केवल एक बयान का विवाद नहीं है। यह भारत की राजनीति में चल रहे उस गहरे वैचारिक संघर्ष का प्रतिबिंब है, जिसमें एक ओर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सभ्यतागत आत्मविश्वास और ह्यराष्ट्र प्रथमह्ण की चेतना है, जबकि दूसरी ओर वह राजनीति है, जिसने दशकों तक भारतीय समाज को जाति, क्षेत्र, तुष्टीकरण और प्रतीकात्मक धर्मनिरपेक्षता की रेखाओं में बांटकर सत्ता का गणित साधने का प्रयास किया।


सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

विडंबना यह है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रश्न वही कांग्रेस उठा रही है, जिसका राजनीतिक इतिहास स्वयं लोकतांत्रिक संस्थाओं के केंद्रीकरण, आपातकाल, तुष्टीकरण और वोटबैंक की राजनीति से जुड़ा रहा है। भारतीय राजनीति का यह शायद सबसे बड़ा विरोधाभास है कि जिसने लोकतंत्र पर आपातकाल थोपकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला घोंटा, वही दल आज लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति का प्रमाणपत्र बांटने का प्रयास कर रहा है। राहुल गांधी की टिप्पणी को यदि केवल चुनावी बयान मानकर छोड़ दिया जाए, तो यह अधूरा विश्लेषण होगा। दरअसल यह उस वैचारिक असहजता का परिणाम है, जो पिछले एक दशक में भारत की राजनीति में आए बड़े परिवर्तन के कारण उत्पन्न हुई है। लंबे समय तक राष्ट्रवाद को संदेह और संकोच के घेरे में रखने वाली राजनीति अब स्वयं वैचारिक रक्षात्मकता में खड़ी दिखाई दे रही है। नरेंद्र मोदी का उदय केवल एक नेता का उदय नहीं था। वह उस भारत के पुनरुत्थान का प्रतीक था, जो दशकों तक अपनी सांस्कृतिक पहचान को राजनीतिक संकोच में जीता रहा। पहली बार राष्ट्रवाद केवल चुनावी नारा नहीं रहा, वह शासन का दर्शन बना। विदेश नीति से लेकर सुरक्षा नीति तक, सांस्कृतिक पुनर्जागरण से लेकर आत्मनिर्भरता तक, भारत ने स्वयं को एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करना शुरू किया। यही वह बिंदु है, जहां कांग्रेस की वैचारिक बेचैनी सबसे अधिक स्पष्ट होती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर कांग्रेस की असहजता नई नहीं है। स्वतंत्रता के बाद से ही संघ को संदेह की दृष्टि से देखने का एक स्थायी राजनीतिक आग्रह कांग्रेस के भीतर रहा। क्योंकि संघ सत्ता आधारित संगठन नहीं है, वह समाज आधारित वैचारिक शक्ति है। उसकी जड़ें चुनावी राजनीति में नहीं, बल्कि सामाजिक संगठन, सेवा और सांस्कृतिक चेतना में हैं। विश्व के सबसे विशाल सांस्कृतिक संगठन ह्यसंघह्ण ने शाखा की अनुशासित पंक्ति में राष्ट्रप्रेम के संस्कार बोये, समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सेवा, समरसता और संगठन का भाव जगाया। भारत की आत्मा को आत्मविश्वास दिया, बिखरे समाज को एकात्मता के सूत्र में पिरोया, राष्ट्रवाद को जीवन का आधार बनाया और अखंड भारत के निर्माण के दिव्य संकल्प से जन-जन को जोड़ने का कार्य किया।

# तपती धरती, झुलसता जीवन: हीटवेव की चुनौती

हीटवेव का सबसे बड़ा कारण केवल बढ़ता तापमान नहीं, बल्कि वह विकास मॉडल है जिसने धरती की प्राकृतिक ढाल को कमजोर कर दिया। जंगल सदियों से पृथ्वी के प्राकृतिक एयर कंडीशनर रहे हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, वाष्पोत्सर्जन द्वारा वातावरण को शीतल रखते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित बनाए रखते हैं। लेकिन विडंबना है कि विकास के नाम पर जंगलों का तेजी से विनाश हुआ। हर वर्ष लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र समाप्त हो रहे हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि स्थानीय स्तर पर तापमान बढ़ा, नमी कम हुई, वर्षा चक्र प्रभावित हुआ और गर्म हवाओं की अवधि लंबी होती गई। आज शहर ह्लकंक्रीट के जंगलह्व बन चुके हैं। महानगरों में हरित क्षेत्र सिकुड़ते जा रहे हैं और उनकी जगह सीमेंट, डामर और शीशे की ऊंची इमारतें ले रही हैं। इससे अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव तेजी से बढ़ा है। शहर अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक गर्म हो चुके हैं। कंक्रीट दिनभर सूर्य की ऊष्मा को सोखता है और रात में धीरे-धीरे छोड़ता है। परिणामस्वरूप रातें भी गर्म होती जा रही हैं और शरीर को राहत नहीं मिल पाती।


आलोक सोलंकी



वर्ष 2026 की गर्मी केवल एक मौसमीय घटना नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़ी एक गंभीर चेतावनी बनकर सामने आई है। अप्रैल-मई के दौरान भारत सहित दक्षिण एशिया के अनेक हिस्सों में पड़ी रिकॉर्ड हीटवेव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य का संकट नहीं, वर्तमान की भयावह वास्तविकता है। दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य भारत के अनेक क्षेत्रों में तापमान 46 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कई शहरों में बिजली की मांग ने रिकॉर्ड तोड़ दिए। सड़कें सूनी दिखने लगीं, श्रमिकों का श्रम ठहरने लगा और बच्चों, बुजुर्गों तथा गरीब तबकों के सामने जीवन बचाने की चुनौती खड़ी हो गई। यह संकट अचानक नहीं आया। यह दशकों से प्रकृति के साथ किए गए असंतुलित व्यवहार, अंधाधुंध शहरीकरण, जंगलों की कटाई, संसाधनों के दोहन और सुविधावादी जीवनशैली का परिणाम है। प्रकृति ने बार-बार संकेत दिए, लेकिन विकास की अंधी दौड़ में हमने उन संकेतों को अनसुना किया। आज वही उपेक्षित चेतावनियां लू बनकर हमारे सामने खड़ी हैं। हीटवेव का सबसे बड़ा कारण केवल बढ़ता तापमान नहीं, बल्कि वह विकास मॉडल है जिसने धरती की प्राकृतिक ढाल को कमजोर कर दिया। जंगल सदियों से पृथ्वी के प्राकृतिक एयर कंडीशनर रहे हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, वाष्पोत्सर्जन द्वारा वातावरण को शीतल रखते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित बनाए रखते हैं। लेकिन विडंबना है कि विकास के नाम पर जंगलों का तेजी से विनाश हुआ। हर वर्ष लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र समाप्त हो रहे हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि स्थानीय स्तर पर तापमान बढ़ा, नमी कम हुई, वर्षा चक्र प्रभावित हुआ और गर्म हवाओं की अवधि लंबी होती गई। आज शहर ह्लकंक्रीट के जंगलह्व बन चुके हैं। महानगरों में हरित क्षेत्र सिकुड़ते जा रहे हैं और उनकी जगह सीमेंट, डामर और शीशे की ऊंची इमारतें ले रही हैं। इससे अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव तेजी से बढ़ा है। शहर अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक गर्म हो चुके हैं। कंक्रीट दिनभर सूर्य की ऊष्मा को सोखता है और रात में धीरे-धीरे छोड़ता है। परिणामस्वरूप रातें भी गर्म होती जा रही हैं और शरीर को राहत नहीं मिल पाती।

दिल्ली, मुंबई, जयपुर और लखनऊ जैसे शहरों में रात का तापमान पहले की तुलना में लगातार बढ़ रहा है। गरीब बस्तियों में स्थिति और भी गंभीर है। वहां न हरित क्षेत्र हैं, न पर्याप्त जल आपूर्ति, न शीतलन के साधन। टीन की छतों वाले घर दिन में भट्ठी बन जाते हैं। गर्मी की मार सामाजिक असमानता को और गहरा करती है। अमीर वर्ग एयर कंडीशनर और बंद कमरों में राहत खोज लेता है, लेकिन मजदूर, रिक्शाचालक, रेहड़ी वाले और निर्माण कार्य में लगे श्रमिक खुले आसमान के नीचे झुलसते रहते हैं। विडंबना यह भी है कि गर्मी से राहत का सबसे लोकप्रिय साधन एयर कंडीशनर स्वयं संकट को बढ़ाने वाला कारक बनता जा रहा है। एक एयर कंडीशनर कमरे को ठंडा करता है, लेकिन बाहर उतनी ही गर्म हवा छोड़ता है। इसके साथ ही बिजली की खपत बढ़ती है, जिसका बड़ा हिस्सा अभी भी कोयला आधारित ऊर्जा से आता है। रेफ्रिजरेंट गैसें अतिरिक्त ग्रीनहाउस प्रभाव पैदा करती हैं। इस प्रकार एक दुष्चक्र निर्मित हो गया है-गर्मी बढ़ती है, एसी बढ़ते हैं, उत्सर्जन बढ़ता है और फिर गर्मी और बढ़ जाती है। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव केवल तापमान तक सीमित नहीं है। यह कृषि, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर भी व्यापक असर डाल रहा है। वैज्ञानिक अध्ययनों से संकेत मिले हैं कि बढ़ती गर्मी और अनिश्चित मौसम के कारण गेहूं, धान और अन्य फसलों की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। गर्म हवाएं पौधों की वृद्धि रोकती हैं, जल स्त्रोतों को सुखाती हैं और मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित करती हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले वर्षों में खाद्य संकट भी गहरा सकता है। स्वास्थ्य क्षेत्र पर भी इसका गंभीर प्रभाव दिख रहा है। लू लगना, निर्जलीकरण, हीट स्ट्रोक, हृदय रोग और मानसिक तनाव जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। अस्पतालों में गर्मी से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सबसे अधिक खतरा बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बाहर काम करने वाले श्रमिकों को है।

गर्मी का यह संकट सामाजिक और मानवीय संकट भी बन सकता है। जल स्त्रोतों के सूखने, कृषि संकट और जीवन परिस्थितियों के बिगड़ने से बड़े पैमाने पर पलायन बढ़ सकता है। जैव विविधता पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है। अनेक जीव-जंतु और वनस्पतियां अपने प्राकृतिक आवास खो रही हैं। हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। ऐसी स्थिति में सरकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। केवल रेड अलर्ट और ऑरेंज अलर्ट जारी करना पर्याप्त नहीं है। हीटवेव को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के प्रमुख विषय के रूप में स्वीकार करते हुए दीर्घकालिक नीतियां बनानी होंगी। सबसे पहले शहरों में हीट एक्शन प्लान को प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। प्रत्येक शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने, जल संरक्षण, छायादार मार्ग, सार्वजनिक प्याऊ और शीतलन केंद्रों की व्यवस्था आवश्यक है। स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों के समय निर्धारण में क्षेत्रीय तापमान को ध्यान में रखा जाना चाहिए। तीखी दोपहर में श्रमिकों के लिए कार्यावधि सीमित की जाए और उनके लिए विश्राम तथा पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य हो। सरकार को भवन निर्माण नीति में भी परिवर्तन लाना होगा। पारंपरिक भारतीय वास्तुकला-हवादार घर, आंगन, मिट्टी आधारित निर्माण, हरित छतें और प्राकृतिक वेंटिलेशन को बढ़ावा देना चाहिए। कांच की चमचमाती इमारतों और ऊष्मा अवशोषित करने वाले निमार्णों पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। ह्लकूल रूफह्व तकनीक, वर्षा जल संचयन और सौर ऊर्जा आधारित शीतलन प्रणाली को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। वन संरक्षण और वृक्षारोपण केवल अभियान नहीं, राष्ट्रीय प्राथमिकता बनना चाहिए। शहरों में माइक्रो फॉरेस्ट, पार्क और हरित गलियारों का निर्माण किया जाए। जल निकायों और पारंपरिक तालाबों को पुनर्जीवित किया जाए क्योंकि वे स्थानीय तापमान नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन केवल सरकारें यह लड़ाई नहीं जीत सकतीं। आम जनता को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। हमें उपभोगवादी जीवनशैली पर पुनर्विचार करना होगा। पानी का संयमित उपयोग, ऊर्जा की बचत, वृक्षारोपण, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग और स्थानीय पर्यावरण संरक्षण अब व्यक्तिगत विकल्प नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी हैं।

भारतीय समाज में कभी सार्वजनिक प्याऊ, छायादार विश्राम स्थल और जल सेवा की समृद्ध परंपरा थी। गर्मियों में राहगीरों के लिए जल की व्यवस्था पुण्य कार्य माना जाता था। आज उस परंपरा को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। समाज, धार्मिक संस्थाएं और स्वयंसेवी संगठन मिलकर जल सेवा और राहत कार्यों का अभियान चला सकते हैं। गर्मी और जल संकट को राजनीति का विषय बनाने के बजाय सहयोग और समाधान का विषय बनाना होगा। जल विवादों और संसाधनों पर स्वार्थपूर्ण राजनीति भविष्य को और कठिन बनाएगी। आवश्यकता इस बात की है कि जल प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु अनुकूलन को राष्ट्रीय सहमति का विषय बनाया जाए।

वर्ष 2026 की यह झुलसाती गर्मी हमें चेतावनी दे रही है कि यदि हमने अभी भी प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित नहीं किया तो आने वाले वर्षों में स्थिति और विकराल होगी। पृथ्वी का तापमान बढ़ेगा, जैव विविधता नष्ट होगी, खाद्य संकट गहराएगा और मानव जीवन अधिक कठिन हो जाएगा। यह समय प्रकृति से संघर्ष का नहीं, उसके साथ सामंजस्य का है। हमें विकास की ऐसी दिशा चुननी होगी जिसमें पर्यावरण, मानव जीवन और भविष्य सुरक्षित रह सके। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब सूरज की तपिश केवल असुविधा नहीं, अस्तित्व का संकट बन जाएगी।

# शुभेंदु सरकार के त्वरित निर्णयों से उभरता नया बंगाल

मृत्युंजय दीक्षित

बंगाल में 69 वर्षों के अथक संघर्ष के बाद बनी शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार अपने चुनावी संकल्प पत्र के अनुरूप काम पर लग गई है। सत्ता परिवर्तन होते ही सभी धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर बंद करवाए गए। अवैध बूचड़खानों पर बुलडोजर एक्शन के आदेश जारी हुए। सभी विद्यालयों में अब सम्पूर्ण वंदेमातरम का गायन अनिवार्य कर दिया गया है। सड़कों पर नमाज व अन्य धार्मिक गतिविघियों पर पाबंदी लगा दी गई है। सीमा पर फेंसिंग के लिए सीमा सुरक्षा बल को जगह दे दी गई है और सम्पूर्ण भूमिहस्तांतरण निर्णय के 45 दिन में पूरा हो जाएगा। चिकन नेक क्षेत्र केंद्र को सौंप दिया गया है। धार्मिक आधार पर चलने वाली योजनाएं जैसे इमामों को वेतन बंद कर दिया गया है। आर.जी.कर केस की फाइल दोबारा खुलने के आदेश हो गए हैं। आयुष्मान भारत जैसी केंद्रीय जन कल्याण योजनाएं अब बंगाल पहुँच रही हैं।

शुभेंदु सरकार की गति और संकल्प सिद्धि के प्रयासों से जुड़े निर्णयों का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ने लगा है। हालत यह हो गई है पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी का डायमंड हार्बर मॉडल का पुष्पा ह्वजहागीर खानह्व बहाना बनाकर फलटा विधानसभा उपचुनाव में ठीक उसी समय पलटा मारकर कर भाग गया जब मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनने के लिए रोड शो निकाल रहे थे। यह वही क्षेत्र है जहां विधानसभा चुनावों के दौरान ईवीएम मशीन पर भाजपा के चुनाव चिन्ह के आगे काला टेप लगा दिया गया था। यूपी के एक तेजतर्रार पुलिस अफसर अजय पाल शर्मा की आब्जर्वर के रूप में नियुक्ति हुई थी जिसके बाद जहांगीर खान ने पोस्टर जारी करके अपने आप को पुष्पा बताने की जुर्रत की थी। आज वही तथाकथित पुष्पा चुनावी मैदान बीच में छोड़कर भाग खड़ा हुआ। यह भय बनाम भरोसे में भरोसे की एक और बड़ी जीत है। यह सब कुछ हिंदुओं की एकजुटता और उनके जागरण से ही संभव हो सका है अगर हिंदू समाज आगे भी इसी प्रकार एकजुट रहता है तो सनातन का



अपमान करने व उन्हें भयभीत करने वाले लोग इसी प्रकार से स्वतः प्रेरणा से भागते रहेंगे। बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश के भगवावस्त्र धारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चरण स्पर्श किए थे और उनके शपथ ग्रहण में योगी जी ने अपना भगवा पटका उनके गले में डाला था तभी यह बात तय हो गई थी कि बंगाल भी उत्तर प्रदेश की तरह सांस्कृतिक पुनर्जागरण के मार्ग पर चलने वाला है। बंगाल में भी दंगाइयों व उत्पातियों का इलाज यूपी की ही तरह होगा। कोलकाता के जिस थाने पर दगांइयों ने हमला करने का प्रयास किया था वहां मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी खुद पहुंचे और पुलिस बलों का मनोबल बढ़ाते हुए दंगाइयों व उपद्रवियों के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाने को कहा। मुख्यमंत्री अधिकारी ने कहा कि पुलिस पहले ममता दीदी के गुंडों से डरती थी किंतु अब समय बदल चुका है।

शुभेंदु सरकार के बड़े निर्णयों में वर्ष 2021 के चुनावों के बाद राज्य में हुई राजनतिक हत्याओं व हिंसक घटनाओं की सभी फाइलें खोलना भी है जिसके कारण ममता दीदी इतनी अधिक भयभीत हो गयीं कि वह काला कोट पहनकर हाईकार्ट पहुंच गयीं और 2021 की हिंसा से ध्यान भटकाने के लिए 2026 के चुनावों के बाद घटी कुछ छुटपुट घटनाओं को सनसनीखेज बताने का असफल प्रयास किया। जब वह कोर्ट परिसर से बाहर निकलने लगीं तब वकीलों के एक बड़े समूह ने उन्हें घेर लिया और चोर -चोर के नारे लगाए। बंगाल में अब सीबीआई तथा ईडी जैसे केंद्रीय जांच एजेंसियों का प्रवेश संभव हो गया है, जिससे वहां 69 वर्षों में हुए घोटालों की जांच में गति आएगी। ईडी ने टीएमसी के बड़े नेताओं को हिरासत में ले भी लिया है। शुभेंदु अधिकारी के 145 एकड़ जमीन बीएसफ को देने के ऐतिहासिक निर्णय से बांग्लादेशी घुसपैठ की रोकथाम में महत्वपूर्ण सफलता मिलने की आशा है क्योंकि बांग्लादेश से लगी हुई बंगाल की लंबी खुली सीमा से बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठिए आसानी प्रवेश कर लेते थे। अब सीमा पर तीव्रता के साथ फेंसिंग का कार्य होगा। बंगाल में मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए धर्म के आधार पर चलने वाली सभी योजनाएं बंद कर दी गई हैं। नई सरकार ने वोटबैंक के पुराने ढर्रे को ध्वस्त करने के एजेंडे पर आगे बढ़ चुकी है। बंगाल कैबिनेट ने धर्म के आधार पर चलाई जा रही सभी वित्तीय सहायता योजनाओ को पूरी तरह से बंद करने का निर्णय लिया है। यह मात्र एक प्रशासनिक निर्णय नहीं अपितु बंगाल की राजनीतिक दिशा को बदलने वाला वैचारिक परिवर्तन है। चुनावी बिसात पर इमामों, मुअज्जिनों और पुरोहितों के लिए शुरू की गई मासिक भत्ता पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। बंगाल के खेल मंत्री नीशिथ प्रामाणिक ने कोलकाता के युवा भारती क्रीडांगन परिसर में लगी व लोगो वाली फुटबालर की आधी प्रतिमा को तोड़े जाने का आदेश दिया है, बंगाल सरकार की विभिन्न वेबसाइटो से भी इसे हटाया जा रहा है। दिसंबर 22 में अर्जेंटीना के फुटबॉलर मेसी के कार्यक्रम में मची भगदड़ और कुप्रबंधन की जांच की जाएगी। उस घटना की फाइलें खोलने के आदेश जारी हो चुके हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी व अन्य सभी सहयोगी मंत्री यह बात लगातार कह रहे हैं कि जिन लोगों ने बंगाल को लूटा और जनता के मन मे भय पैदा किया उन सभी पर कार्यवाही जरूर की जाएगी। बंगाल में अब आयुष्मान भारत योजना सहित केंद्र सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं के लागू होने का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। भाजपा ने बंगाल की महिलाओं से किए गए वादों को भी लागू करना भी आरंभ कर दिया है। आगामी एक जून 2026 से महिलाओं को 3000 रुपये की मासिक सहायता वाली अन्नपूर्णा योजना को भी मंजूरी दे दी गई है। बंगाल की महिलाओ को बस में फ्री यात्रा की सुविधा भी मिलने जा रही है।

## लघुकथा

# इलाज का धंधा



कैलाश केशरी

रामशरण की पत्नी सीने में दर्द से तड़प रही थी। वे अपनी पत्नी को लेकर शहर के सबसे बड़े हॉस्पिटल में पहुंचे। रिसेप्शनिस्ट ने काउंटर पर मुस्कराकर कहा, चिंता मत कीजिए, हमारे पास वर्ल्ड-क्लास इलाज है। कोई एक पैकेज चुन लीजिए- गोल्ड, प्लेटिनम या डायमंड? घबराए रामशरण ने प्लेटिनम पैकेज ले लिया। अगले पांच दिन हर घंटे नए टेस्ट, स्कैन और इंजेक्शन पड़ते रहे। डॉक्टर आते, कुछ लिखते और निकल जाते। छठे दिन शाम को डॉक्टर ने कहा- कन्फर्म हुआ, गैस थी। आपके पेशेंट को सीने में दर्द गैस की वजह से हुआ था। मरीज बिलकुल ठीक है। बिल देखकर रामशरण के होश उड़ गए, कुल 3,85,000 रुपये का था। उन्होंने हकलाते हुए पूछा, इतना सब.. सिर्फ गैस के इलाज में? रिसेप्शनिस्ट फिर मुस्कुराई- सर, यहां वर्ल्ड-क्लास सर्विस है। प्लेटिनम का रेंज यही है। रामशरण को चक्कर आने लगा।

## कहानी

# कुसंग का फल

विष्णु शर्मा



एक राजा के शयनगृह में शय्या पर बिछी सफेद चादरों के बीच एक मन्दविसर्पिणी सफेद जूँ रहती थी। एक दिन इधर-उधर घूमता हुआ एक खटमल वहाँ आ गया। उस खटमल का नाम था अग्निमुख। अग्निमुख को देखकर दुःखी जूँ ने कहा-हे अग्निमुख! तू यहाँ अनुचित स्थान पर आ गया है। इससे पूर्व कि कोई आकर तुझे देखे, यहाँ से भाग जा। खटमल बोला--भगवती! घर आए हुए दुष्ट व्यक्ति का भी इतना अनादर नहीं किया जाता, जितना तू मेरा कर रही है। उससे भी कुशलक्षेम पूछा जाता है। घर बनाकर बैठने वालों का यही धर्म है। मैंने आज तक अनेक प्रकार का कटु-तिक्त, कषाय-अम्ल रस का खून पिया है; केवल मीठा खून नहीं पिया। आज इस राजा के मीठे खून का स्वाद लेना चाहता हूँ। तू तो रोज ही मीठा खून पीती है। एक दिन मुझे भी उसका स्वाद लेने दे। जूँ बोली-अग्निमुख! मैं राजा के सो जाने के बाद उसका खून पीती हूं। तू बड़ा चंचल है, कहीं मुझसे पहले ही तूने खून पीना शुरू कर दिया तो दोनों ही मारे जाएँगे। हाँ, मेरे पीछे रक्तपान करने की प्रतिज्ञा करे तो एक रात भले ही ठहर जा।

खटमल बोला-भगवती! मुझे स्वीकार है। मैं तब तक रक्त नहीं पीऊंगा, जब तक तू नहीं पी लेगी। वचन-भंग करूँ तो मुझे देव-गुरू का शाप लगे। इतने में राजा ने चादर ओढ़ ली। दीपक बुझा दिया। खटमल बड़ा चंचल था। उसकी जीभ से पानी निकल रहा था। मीठे खून के लालच से उसने जूँ के रक्तपान से पहले ही राजा को काट लिया। जिसका जो स्वभाव हो, वह उपदेशों से नहीं छूटता। अग्नि अपनी जलन और पानी अपनी शीतलता के स्वभाव को कहाँ छोड़ सकता है। मर्त्य जीव भी अपने स्वभाव के विरुद्ध नहीं जा सकते। अग्निमुख के पैने दाँतों ने राजा को तड़पाकर उठा दिया। पलंग से नीचे कूदकर राजा ने सन्तरी से कहा-देखो, इस शय्या में खटमल या जूँ अवश्य हैं। इन्हीं में से किसी ने मुझे काटा है-सन्तरियों ने दीपक जलाकर चादर की तहें देखनी शुरू कर दीं। इस बीच खटमल जल्दी से भागकर पलंग के पायों के जोड़ों में जा छिपा। मन्दविसर्पिणी जूँ चादर की तह में ही छिपी थी। सन्तरियों ने उसे देखकर पकड़ लिया और मसल डाला।

# लापरवाही को छिपाना

संतोष उत्सुक

(व्यंग्य)

हमारे यहां लापरवाही एक विकसित परम्परा है। कोई दुर्घटना, नुकसान होता है तो जांच शुरू होने से पहले लापरवाही छिपाने की कोशिश शुरू हो जाती है। इसे बहुत जरूरी कर्तव्य की तरह निभाया जाता है। चश्मदीद गवाहों को धमकाने और अपराधी बनाने की सुगबुगाहट के साथ ही लापरवाही छिपाने का सिलसिला शुरू हो जाता है।

लापरवाही के नुकसान ही माने जाते हैं। समझदार लोग भी ऐसा ही बताते हैं। बचपन के विशेषज्ञ भी अस्त व्यस्त अभिभावकों को, सलाह देते रहते हैं कि बच्चों की परवरिश में कोताही न बरतें और बच्चों को बताते रहें कि जिंदगी में किसी भी तरह की लापरवाही न करें। वह बात अलग है कि विशेषज्ञ और अभिभावक खुद भी कई मामलों में लापरवाही बरतते हैं और कहते रहते है कि जीवन में ऐसा हो जाता है। हमारे यहां लापरवाही एक विकसित परम्परा है। कोई दुर्घटना, नुकसान होता है तो



जांच शुरू होने से पहले लापरवाही छिपाने की कोशिश शुरू हो जाती है। इसे बहुत जरूरी कर्तव्य की तरह निभाया जाता है। चश्मदीद गवाहों को धमकाने और अपराधी बनाने की सुगबुगाहट के साथ ही लापरवाही छिपाने का सिलसिला शुरू हो जाता है। उन्हें पूरी सजगता से धमकी देनी जरूरी होती है ताकि सच सामने न आ सके। अगर ऐसा न किया जाए तो आम आदमी तो क्या कोई भी संपन्न व्यक्ति फंस सकता है वह बात दीगर है कि सुरक्षा व्यवस्था द्वारा की गई लापरवाही उन्हें फंसने नहीं देती । आदमी किसी और की जान बचाने तक में लापरवाह हो सकता है लेकिन अपने मामले में गलती से भी हुई लापरवाही छिपाने की कोशिश करता है।

जांच के दौरान लापरवाही, चतुराई से छिपा देना एक कला है। इसे उचित तरीके से जांच करना भी कहते हैं। यह मेहनत भरा काम है। लापरवाही छिपी रहे सामने न आए, इस सम्बन्ध में एक पुराने गाने को चार सौ बीस बार आधार बनाया जाता है, परदे में रहने दो पर्दा न उठाओ, पर्दा जो उठ गया तो भेद खुल जाएगा और कईयों को फंसा देगा, जो सुलझे बैठे हैं उन्हें उलझा देगा। लापरवाही छिपाने के बहुत से फायदे हैं। लापरवाही छिपाते हुए हर बात उलझा सकते हैं। बयान और रिपोर्टों को अलग अलग कर सकते हैं। महत्त्वपूर्ण संकेत फाइलें बनाने से पहले ही दफन कर सकते हैं। रिपोर्ट्स को बार बार अधूरी बताकर फिर से लिखित जानकारियां बार बार मांग कर, उनकी लापरवाही पर शक बढ़ाया जा सकता है। सीधे सवालों के, लापरवाही में लिपटे गोल मोल जवाब देने से, ज्यादा समय और पुख्ता मदद मिलती है ताकि बेचारा नतीजा दूर कहीं झुरमुट में फंसा रहे और गलत व्यक्ति को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास सफल हो जाए। यही लापरवाही की सजगता भरी सफलता मानी जाती है। इसका अनुभव बचाव व्यवस्था की बुनियादी खामियों के विशेषज्ञ व्यक्तियों को पहले से होता है। उन्हें लापरवाही से गढ़े आरोपों से निबटना खूब आता है तभी तो जांच एजेंसियों के बीच तालमेल नहीं हो पाता। उनमें लापरवाही संभालने का गहन चारित्रिक अनुभव होता है तभी तो लापरवाही छिपाने का महत्त्वपूर्ण काम उन्हें सौंपा जाता है।

अनुभवी लोगों को ऐसे फंसा भी नहीं सकते। उन्हें भविष्य में भी पूरी जिम्मेदारी के साथ कर्तव्य निभाते हुए, लापरवाही करने में सक्रिय भूमिका अदा करनी होती है। किसी भी स्तर पर प्रशिक्षण देने की जरूरत, उन्हें नहीं होती। लापरवाही छिपाने का सबसे व्यावहारिक फायदा यह रहता है कि जांच संपन्न हो जाती है लेकिन कार्रवाई नहीं हो पाती। इधर पूरी गोपनीय सतर्कता से लापरवाही छिपाई जा रही होती है और उधर सार्वजनिक रूप से कहा जा रहा होता है कि भविष्य में किसी भी किस्म की लापरवाही बिलकुल बर्दाशत नहीं की जाएगी।

# जागीर चिकित्साधीक्षक के कुरावली स्थित आवास में हॉस्पिटल का संचालन

## यहां पर मरीजों की सैंकड़ों की संख्या में लगती हैं भीड़, देर रात्रि तक लगी रहती है भीड़

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** कस्वा कुरावली में जीटी रोड किनारे नारवल स्कूल के सामने एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्साधीक्षक द्वारा प्राइवेट रुप से हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा है। पहले इस हॉस्पिटल का संचालन कुरावली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में किया जा रहा है। अब चिकित्साधीक्षक ने अपना खुद का आवास बना लिया, जिसके बाद से इस हॉस्पिटल का संचालन अब आवास परिसर में किया जा रहा है।

जनपद के जागीर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्साधीक्षक ने कुरावली में जीटी रोड किनारे नारवल स्कूल के सामने अपना आवास बनाया है। इससे पहले वह कुरावली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में बने सरकारी आवास में ही निवास करते थें, चिकित्साधीक्षक द्वारा अपने आवास में ही एक प्राइवेट हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा है। अगर चिकित्साधीक्षक द्वारा प्राइवेट हॉस्पिटल के संचालन की बात करें तो वह कई बर्षो से हॉस्पिटल का संचालन करते है। अगर हम प्राइवेट हॉस्पिटल का संचालन की बात करें तो चिकित्साधीक्षक पहले इस हॉस्पिटल का संचालन कुरावली सीएचसी परिसर में बने सरकारी आवास से करते थें, जिसके दो वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थें, जिसमें चिकित्साक्षक मरीजो का प्राइवेट रुप से इलाज करते दिखाई दे रहे है।

### जागीर सीएचसी में केवल नाम की ड्यूटी

अगर हम बात करें जागीर चिकित्साधीक्षक की अस्पताल में ड्यूटी की वहां पर नाम की ड्यूटी यह कुरावली अपने आवास से ही जागीर के लिए लेट निकलते है उसके बाद वहां पर कुछ देर रुकने के बाद जल्दी वापस आवास पर लौट आते है। आवास पर आते ही प्राइवेट हॉस्पिटल का संचालन शुरू हो जाता है।

### सीएमओ को पूरे मामले की जानकारी

ऐसा नहीं है कि जागीर चिकित्साधीक्षक द्वारा प्राइवेट हॉस्पिटल संचालन करने के मामले की सीएमओ को जानकारी नहीं है। उन्हे पूरे मामले की जानकारी होते हुए भी वह चाहकर कोई कार्रवाई नही करना चाहते है। या फिर यह कहिए जागीर चिकित्साधीक्षक प्राइवेट हॉस्पिटल का संचालन सीएमओ की जानकारी में कर रहे है।

### क्या बोले डिप्टी सीएम/स्वास्थ्य मंत्री



मैनपुरी के कुरावली में जागीर सीएचसी के चिकित्साधीक्षक द्वारा प्राइवेट हॉस्पिटल का संचालन किए जाने का मामला संज्ञान में नहीं है। इसकी स्वास्थ्य विभाग से जांच कराई जाएगी, अगर प्राइवेट हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा है। तो चिकित्साधीक्षक पर नियमानुसार कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य विभाग को आदेश दिए जायेंगे।- बृजेश पाठक, डिप्टी सीएम/स्वास्थ्य मंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ।

### अगर शिकायत मिलती तो करते कड़ी कार्रवाई

जब जागीर सीएचसी चिकित्साधीक्षक द्वारा जागीर से 30 किलोमीटर दूर कुरावली में प्राइवेट हॉस्पिटल का संचालन किए जाने के मामले पर बात की तो गई तब उन्होने कड़ी कार्यशैली अपनाते हुए कहा कि इस मामले में एक शिकायत भेज दीजिए, चिकित्साधीक्षक को हटाने के साथ ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मैनपुरी में लू के थपेड़ो से जनजीवन अस्त व्यस्त

## 46 डिग्री पहुंचा तापमान, अब तो रातें भी हो रही गरम

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** भीषण गर्मी के लिए बिख्यात ज्येष्ठ माह में पड़ रहीं भीषण गर्मी और तेज लू के थपेड़ों ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। शनिवार को अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहा, जबकि न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के साथ यह 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

शनिवार को चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग अत्याधिक आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकले। वहीं बाजारों में भी ग्राहकी प्रभावित रही और सामान्य दिनों की तुलना में भीड़ काफी कम नजर आई। गर्मी का असर इतना तेज रहा कि सुबह से ही लू के थपेड़ों ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया। हालांकि शाम करीब चार बजे के बाद मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिला और आसमान में बादल छा गए, लेकिन गर्म हवाओं का असर कम नहीं हुआ, जिससे लोगों को कोई खास राहत नहीं मिली। जिला अस्पताल में तैनात फिजीशियन डा. हर्ष दीक्षित ने बताया कि हीट वेव से बचने के लिए दोपहर में धूप में निकलने से बचें, पर्याप्त पानी पीते रहें। हल्के सूती कपड़े पहनें। शरीर में कमजोरी, चक्कर या उल्टी महसूस होने पर तुरंत छांव में आराम करें और चिकित्सकीय सलाह लें।

### गर्मी में यह बरतें सावधानी

- बार-बार पानी पीते रहें।
- धूप में निकलने पर छाता लगाएं।
- धूप में निकलने पर सिर पर कपड़ा रखें।
- नींबू पानी, छाछ, फलों का जूस पिएं।
- प्रचुर मात्रा में पानी वाले फल व सब्जी खाएं।
- जंक फूड व मसालेदार खाद्य पदार्थों का सेवन न करें।

### क्या बोले मौसम वैज्ञानिक

गर्म हवा के साथ लू के थपेड़े तेज हो गए हैं और धूप भी लगातार तीखी बनी हुई है। आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि बरसात होने पर ही लू और गर्मी से राहत मिलेगी।

**- नरेंद्र वर्मा, मौसम वैज्ञानिक मैनपुरी।**

### बाजार करने गई युवती रहस्यमय ढंग से लापता

**मोर्निंग सिटी संवाददाता, भोगांव/मैनपुरी।** घर से बाजार करने गई युवती रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। परिजनो ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुये पुलिस से युवती को तलाश किये जाने की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती विगत 18 मई को घर से बाजार करने की बात कहकर गई थी किन्तु देर सांय तक बापस नही लौटी जिस पर परिजनो ने उसकी तलाश शुरू की किन्तु उसका कोई पता नही चल सका। घटना की गुमशुदगी युवती के भाई शुभम ने थाना कोतवाली मे दर्ज कराई है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार पति की मौत, पत्नी घायल

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** तेहरवी संस्कार से बापस लौट रहे बाइक सवार दम्पति को पिकअप ने टक्कर मार दी जिससे पति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनो मे कोहराम मच गया। थाना औछा क्षेत्र के ग्राम नगला भजन निवासी 50 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र शिवरतन सिंह शनिवार को अपनी पत्नी सीमा के साथ थाना बेवर क्षेत्र के आयेजित अपने मामा सूरज सिंह के तेहरवी संस्कार मे भाग लेकर वापस लौट रहे थे सांय लगभग चार बजे नगर के बेवर रोड चुंगी के निकट भोगांव की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक जमीन पर गिर पडी और दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गये, घटना की जानकारी पुलिस को होने पर मौके पर पहुची पुलिस दोनो को अस्पताल ले गई जहां चिकित्सको ने मनोज को मृत घोषित कर दिया तथा सीमा का उपचार चल रहा है।

# आलू और गेहूं के गिरते दामो से किसान बहुत परेशान

## मैनपुरी पहुंची सपा सांसद ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** शनिवार को मैनपुरी पहुंची सपा सांसद डिंपल यादव ने भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार पर मंहगाई और बेरोजगारी, बिजली संकट पर निशाना साधा। उन्होंने किसानों की समस्याओं, कानून व्यवस्था, पेपर लीक जैसे प्रमुख मुद्दों पर भी सरकार को घेरा।

सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता को उनके द्वारा भरे जा रहे बिजली बिल के अनुपात में बिजली नहीं मिल पा रही है। उन्होंने गांवों और शहरों में लगातार हो रही बिजली कटौती का जिक्र करते हुए कहा कि इससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। सांसद ने आलू और गेहूं के गिरते दामों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसान इससे बेहद परेशान हैं। उन्होंने सरकार से पूछा कि किसानों को राहत देने के लिए क्या व्यवस्था की गई है। डिंपल यादव ने गेहूं खरीद प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए और सरकार से किसानों से खरीद के तरीके स्पष्ट करने को कहा।

### करहल में 20 से 21 हजार डुप्लीकेट वोटर मिले

कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सपा सांसद ने आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों के मामलों में रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा रही है। उन्होंने इस विषय को बैठक में गंभीरता से उठाया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने दावा किया कि करहल विधानसभा क्षेत्र में 20 से 21 हजार डुप्लीकेट वोटर मिले हैं और इन्हें हटाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की गई है। बंगाल में बुलडोजर कार्रवाई पर उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि जब-जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार आती है, तब-तब इसी तरह की राजनीति देखने को मिलती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार जनता के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटका रही है। सपा सांसद ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल के दाम करीब पांच रुपये बढ़ चुके हैं और गैस सिलेंडर के लिए लोगों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। नीट परीक्षा में पेपर लीक के मुद्दे पर डिंपल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के कार्यकाल में सबसे अधिक पेपर लीक हुए हैं। उन्होंने बताया कि इससे युवा तनाव में हैं और कई छात्र आत्महत्या तक कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पहले किसी मंत्रालय पर सवाल उठने पर मंत्री इस्तीफा दे देते थे, लेकिन अब सरकार जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है।

# बिजली कटौती पर भोगांव के व्यापार मंडल मे आक्रोश

## बैठक कर तीन दिन में व्यवस्था सुधारने की चेतावनी

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** नगर मे हो रही बेहतासा विधुत कटौती को लेकर की नगर के पुरानी आलू मण्डी स्थित भोले धाम पर आयोजित नगर व्यापार मंडल पदाधिकारियों की बैठक में नगर में लगातार हो रही बिजली कटौती पर व्यापारियों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया तथा तीन दिनो मे सुधार न होने पर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

शुक्रवार की देर सायं नगर के पुरानी आलू मण्डी मे आयोजित बैठक मे व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष नितिन उमेश वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नगरों में 22 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन भोगांव नगर में हालात इसके बिल्कुल विपरीत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नगरवासियों और व्यापारियों को मात्र 2 से 4 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, जिससे व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

भीषण गर्मी में लगातार हो रही कटौती से आम जनता भी परेशान है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियो ने बिजली विभाग को तीन दिन का समय देते हुये कहा कि नगर में तीन दिनों में नियमित आपूर्ति शुरू नहीं हुई तो व्यापार मंडल धरना प्रदर्शन करेगा। इस मौके पर संदीप गुप्ता, शिवम कश्यप, गिरन्द चौहान, विमलेश शाक्य, गौरव शाक्य, एसके शर्मा सनातनी, संजू चौहान, राम भोले चौहान, वेदराम चौहान आदि मौजूद थे।

# परंपरागत ढंग से संपन्न हो धार्मिक आयोजन, नई परंपरा न डाले

## - जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में डीएम ने जारी किए दिशा निर्देश

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपस्थित विभिन्न समुदाय के धर्मगुरुओं, मुतवल्लियों, गणमान्य व्यक्तियों से कहा कि जनपद की गौरवमयी परंपरा बेमिसाल है, यहां के लोगों ने अनुकरणीय उदाहरण पेश किये है, सभी समुदाय के लोग आपस में एक दूसरे का सम्मान कर धार्मिक त्यौहारों को अपासी मेल-जोल के साथ मानते हैं। उन्होंने आव्हान करते हुए कहा कि आगे भी आने वाले त्यौहारों को आपस में मिलजुल कर मनाएं और अपनी गौरवमयी परंपरा को कायम रखें, किसी भी धार्मिक त्यौहार में कोई नई परंपरा न डालें।

श्री त्रिपाठी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को आदेशित करते हुए कहा कि त्यौहारों के दौरान निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें, किसी भी दशा में अकारण रोस्टिंग न की जाये, बकरीद की नमाज अदा होने वाली मस्जिदों, ईदगाहों के आस-पास विद्युत के तार, पोल व्यवस्थित रहें। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित करते हुए कहा कि त्यौहारों के दृष्टिगत विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें, जलापूर्ति के साथ-साथ स्ट्रीट लाइटों का विशेष ध्यान रखा जाए, नमाज अदा करने वाले स्थानों पर पानी के टैंकर की व्यवस्था रहे, ईदगाह, मस्जिदों के आस-पास नगर निकाय के कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जाए ताकि कोई भी आवारा जानवर प्रवेश न कर सके। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से कहा कि ईदगाह वाले मार्गों पर यदि मरम्मत की आवश्यकता हो तो तत्काल ठीक करायें, आवागमन में किसी को असुविधा के सामना न करना पड़े।

एसपी गणेश प्रसाद शाहा ने कहा कि जनपद में सभी त्योहार हमेशा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होते रहे हैं और प्रशासन को विश्वास है कि इस बार भी सभी लोग मिलजुलकर पर्व मनाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क, सक्रिय है, सभी थाना प्रभारियों, क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करने तथा स्थानीय लोगों के साथ संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए मौलवियों, धर्मगुरुओं एवं पीस कमेटी के सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि विगत वर्षों से जनपद में आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाए जाते रहे हैं और आगे भी यह परंपरा कायम रहेगी। इस दौरान एएसपी सिटी अरूण कुमार, एएसपी ग्रामीण अभिषेक तिवारी, सभी एसडीएम सीओ सिटी संतोष कुमार, एसीएमओ डॉ. अनिल वर्मा, सीएमएस डॉ. धर्मेन्द्र, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण ए.के. अरूण आदि उपस्थित रहे।

# संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र को आसानी से मिले

## जिला विकास समन्वय समिति की समीक्षा बैठक सांसद ने दिए निर्देश

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में संचालित विभिन्न योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा के दौरान सपा सांसद डिंपल यादव ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि संचालित जन कल्याणकारी, लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र को आसानी से मिले, जनहित के कार्यों में किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाये, विद्युत उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

सांसद ने मनरेगा की समीक्षा के दौरान पाया कि 46.21 लाख मानव दिवस सृजन के सापेक्ष अब तक 5.13 लाख मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं, योजना के अंतर्गत 37.97 प्रतिशत महिलाओं एवं 22.46 प्रतिशत अनुसूचित जाति के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कराई गई, सी.एम. डैशबोर्ड पर योजना में 10 में से 10 अंक प्राप्त हुए, जनपद ए-श्रेणी में शामिल है, मनरेगा कार्यों और सोशल ऑडिट से जुड़े मामलों पर भी चर्चा हुई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान पाया कि जनपद में अब तक 10,696 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। सांसद, समिति अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा के दौरान पाया कि अब तक 23643 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है, जिसमें से 23,579 आवास पूर्ण हो चुके हैं।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान ग्रामीण संपर्क मार्गों और सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर भी चर्चा हुई। डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि बैठक के दौरान जन-प्रतिनिधियो एवं समिति के सदस्यों द्वारा जो महत्वपूर्ण सुझाव एवं निर्देश दिए गए हैं, उनका संबंधित विभागों द्वारा गंभीरता से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग दिशा की बैठक में प्राप्त निर्देशों को कार्यवृत्त में सम्मिलित करें तथा अगली बैठक में अनुपालन आख्या स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करें, जनहित से जुड़े मामलों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव राम नरेश अग्निहोत्री, विधायक करहल तेज प्रताप यादव, विधायक किशनी इं. बृजेश कठेरिया, सदस्य विधान परिषद मुकुल यादव, समिति के सदस्य, अन्य जन-प्रतिनिधियों के अलावा एएसपी ग्रामीण अभिषेक तिवारी, सीएमओ डॉ. आर.सी. गुप्ता, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार, परियोजना निदेशक सत्येंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने किया।

# मेडिटेशन गुरु विहसंत सागर ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश

## गुरुदेव के विहार में जैन समाज की महिलाएं, पुरुष, युवा रहे मौजूद

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** परम पूज्य विनेयपुंगव पदवचार्य आचार्य श्री विरागसागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय 108 श्री विहसंत सागर ससंघ का विहार शनिवार की सुबह करीब 7 बजे आगरा रोड स्थित जेएमएल एंटरप्राइजेज से प्रारंभ होकर सिंधिया तिराहे पर उपस्थित जैन समाज के पुरुष, महिलाएं एवं युवाओं के अपार जन समूह के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ।

गुरुदेव का जगह जगह पाद प्रक्षालन एवं आरती भक्ति की गई। तथा मंगल विहार में उमेश चंद्र एडवोकेट, नरेश चन्द्र, विकास बंटी, गौरव पंजाबी कॉलोनी, आदेश, संजय एडवोकेट, रोमन, बिपलब, वंश, प्रवीन बबलू, अनुज, डॉ स्वाति, तृप्ति, कविता, खुशबू, विनीता, जयमाला आदि शामिल रहे। इसी क्रम में सिंधिया तिराहे पर मानिकचंद जैन परिवार तथा आगरा रोड पर लॉर्ड कृष्णा एजुकेशनल एकेडमी के डॉ राकेश गुप्ता, अशोक गुप्ता पप्पू आदि ने गुरुदेव का भव्य स्वागत कर उपाध्याय श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर प्रवेश के समय सभी पुरुष, महिलाएं एवं युवा वर्ग जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। मुनि संघ का यह कारवां आगरा रोड, करहल रोड होते हुए श्री महावीर जिनालय बिसातखाना पर पहुंचा। मेडिटेशन गुरु ने श्री महावीर जिनालय में पंडित कमल जैन शास्त्री के सानिध्य में श्रीजी के दर्शन उपरांत संबोधन दिया। एवं आहारचार्या से पूर्व बताया कि उनका जन्म 12 अगस्त 1983 को नक्सल प्रभावित क्षेत्र जगदलपुर में हुआ। तथा क्षुलक दीक्षा 2004 को नागपुर में, मुनि दीक्षा 2023 में सोनागिरी, उपाध्याय पद 2022 को पथरिया में प्राप्त किया। गुरुदेव के जीवन में श्रुत पंचमी का खास महत्व है। क्योंकि समस्त पद श्रुत पंचमी के दिन प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर पंडित अनंत कुमार जैन, सुरेश चंद्र जैन, सौरभ जैन बॉबी, हेमंत जैन, विकास जैन पाली आदि उपस्थित रहे।

24 मई को भगवान महावीर का महामस्तिकाभिषेक एवं शान्तिधारा तथा संगीतमय पूजन के बाद प्रवचन तत्पश्चात सम्बेद शिखर विधान उपाध्याय श्री के सान्निध्य में होंगा। इस अवसर पर मुनिश्री का भव्य दीक्षा समारोह भी मनाया जायेगा। सायं 5 बजे मेडिटेशन गुरु का आपकी रसोई के लिए विहार होगा।

# श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**कुसमरा/मैनपुरी।** क्षेत्र के ग्राम नगला तारा में ग्राम समाज के सहयोग से आयोजित की जा रही साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तिमय माहौल में डूबे श्रोताओं ने भगवान के विभिन्न प्रसंगों का रसपान किया। कथा व्यास संजीव त्रिपाठी ने संगीतमय शैली में शुकदेव आगमन, राजा परीक्षित के प्रसंग और अन्य दिव्य कथाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य के जीवन का कल्याण होता है और मन को असीम शांति मिलती है। कथा के मुख्य यजमान (परीक्षित) विमल दुबे और पुष्पा देवी ने पूरे विधि-विधान से पूजन और आरती संपन्न की। कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीण बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से अमित दुबे, विनय त्रिपाठी, बीरेंद्र दुबे, रमेश दुबे, पुष्पेंद्र दुबे, भीम दुबे, किशन लाल चतुर्वेदी, अरविंद त्रिपाठी, राजेश चतुर्वेदी और जिलेदार शर्मा सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग और श्रद्धालु मौजूद रहे।

# कल्पतरु ट्रस्ट की दो दिवसीय समर खेल प्रतियोगिता शुरू

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**शिकोहाबाद।** नगर की समाजसेवी संस्था कल्पतरु ट्रस्ट द्वारा बच्चों की गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक और मनोरंजक बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय समर इंडोर खेल प्रतियोगिता का आयोजन ब्लूमिंग वड्स पब्लिक स्कूल में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ तहसीलदार कीर्ति चौधरी ने फीता काटकर किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राज पचौरी ने की। इस दौरान ट्रस्ट के संस्थापक कृष्ण कुमार खंडेलवाल सहित अतिथियों ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। प्रतियोगिता में नगर के लगभग एक दर्जन स्कूलों के कक्षा 5 से 10 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता को दो वर्गों में विभाजित किया गया, जिसमें पहला ग्रुप कक्षा 5 से 7 तक और दूसरा ग्रुप कक्षा 8 से 10 तक के बच्चों का रखा गया। बच्चों के लिए लूडो, कैरम और चेस जैसी इंडोर गेम प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

प्रत्येक खेल में दो-दो प्रतिभागियों के बीच मुकाबले कराए गए और विजेता प्रतिभागी अगले राउंड में पहुंचते गए। प्रतियोगिता को निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक चार बच्चों पर एक एम्पायर की तैनाती की गई, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी या चीटिंग न हो सके। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में कुल 595 बच्चों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागियों को स्वल्पाहार भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के उत्साह और ऊर्जा ने पूरे वातावरण को जीवंत बनाए रखा। इस अवसर पर अतुल सिंघल, तनय अग्रवाल, लकी जैन, विशाल अग्रवाल, प्रशांत विक्रम सिंह, आशीष तोमर, अमित अग्रवाल, हेमंत सोनी, अमन मित्तल, निखिल, गगन तोमर, नवीन चंदेल, शंकर चौहान, गौरव अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में ट्रस्ट के सदस्य मौजूद रहे। महिला मंडल की ओर से शोभा खंडेलवाल, नीतू गोयल, मिताली, गरिमा, रेनू तोमर, श्वेता सोनी, सोनिका, पूजा कपूर, संध्या, पियूषी, प्रतिभा, मोनिका, सरला, उमा, सुनीता और अंजू सहित अन्य महिलाओं ने भी कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

## प्रसव के नाम पर अवैध वसूली पति का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**फतेहाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद पर नहीं थमरहा अवैध वसूली का खेल पीड़ित के पति ने सोशल मीडिया पर अवैध वसूली को लेकर वीडियो किया वायरल।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रोशनी पत्नी रामसेवक निवासी नगला बेहड थाना डौकी गर्भवती थी तभी प्रसव पीड़ा होने पर शनिवार सुबह परिजन रोशनी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद पहुंचे और प्रसूता को प्रसव केंद्र पर भर्ती कराया जहां कुछ समय बाद नर्स के द्वारा प्रसव के नाम पर दो हजार रुपए की मांग की तभी प्रसूता के पति ने कहा है कि यहां सरकार फ्री में प्रसव करती है तभी नर्स ने कहा फ्री में या कुछ काम नहीं होता है नहीं तो प्राइवेट अस्पताल ले जाओ तभी पति के द्वारा पन्द्रह सौ रुपए में बात तय कर ली प्रसव होने के बाद दाई के द्वारा भी पांच सौ रुपए की मांग की गई तभी परिजनों के द्वारा विरोध किया गया तो धमकी दी कभी दी तो400 रूपए देकर मामला रफा-दफा किया वहीं प्रसूता के पति रामसेवक ने आरोप लगाया है की नर्स के द्वारा गिलव्स सहित आदि सामान बाहर से मंगाया था। जहां पूर्व में भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद पर अवैध वसूली के कई बार आरोप लगे हैं लेकिन स्वास्थ्य अधिकारियों की उदासीनता के चलते मामला थामने का नाम नहीं दे रहा जिसके चलते गरीब पर दोहरी मार पड़ रही है ।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद के अधीक्षक डॉ अभिषेक चौहान से बात करने पर बताया कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## पारोली सिकरवार में चकबंदी को लेकर भाकियू (अराजनैतिक) के नेतृत्व में हुई किसानों की महापंचायत

मोर्निंग सिटी संवाददाता



फतेहाबाद शनिवार को पारोली सिकरवार में चकबंदी को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के तहसील अध्यक्ष अवधेश ठाकुर के नेतृत्व में पारोली सिकरवार में किसानों की महापंचायत का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में किसान और चकबंदी विभाग के एसीओ,आर आई, लेखपाल शामिल हुए। पंचायत में किसानों ने अपनी कृषि भूमि की सुरक्षा को लेकर चकबंदी विभाग के अधिकारियों के सामने दो मांगे प्रमुख रूप से रखीं। भाकियू ने साफ चेतावनी दी है कि किसानों की जमीन के साथ किसी भी स्तर पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि चकबंदी में कोई धांधली हुई तो तहसील स्तर पर बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। बैठक में किसानों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि चकबंदी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और पूरी तरह नियमानुसार नया नक्शा बनाकर ही की जाए। वहीं किसानों ने कहा कि यदि विभाग सही तरीके से चकबंदी प्रकिया को पूर्ण नहीं कर सकता तो इस पूरी प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जाए। बैठक के दौरान एक भावुक कर देने वाला दृश्य भी सामने आया। सहायक चकबंदी अधिकारी के पैर में गंभीर चोट थी, इसके बावजूद वे किसानों की समस्याएं सुनने और संवाद करने गांव पहुंचे। तहसील अध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसान अपनी जमीन को लेकर बेहद संवेदनशील हैं। अगर चकबंदी के नाम पर किसानों को परेशान किया गया या नियमों को ताक पर रखकर काम हुआ, तो भाकियू चुप नहीं बैठेगी। संगठन किसानों की एक-एक इंच जमीन की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और हक के लिए आखिरी दम तक लड़ाई लड़ी जाएगी। इस दौरान तहसील प्रवक्ता गोविन्द सैंथिया,रामलाल वर्मा , छोटेलाल रघुवंशी, वासदेव वर्मा, अतर सिंह, नत्थीलाल,साहूकार सहित बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर आयुक्त ने प्रगणक एवं सुपरवाइजर को किया सम्मानित

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** नगर निगम अलीगढ़ में चल रहे जनगणना महाअभियान के प्रथम चरण में मकान गणना का कार्य निर्धारित समय से पूर्व ही पूर्ण कर लिया गया है। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि जोन 4 की प्रगणक श्रीमती भगवान देवी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, किशनपुर ने जनगणना ब्लॉक संख्या 170 का कार्य तथा सुपरवाइजरी सर्किल नंबर 031 के सुपरवाइजर श्री राम अकबाल यादव, प्रवक्ता, धर्म समाज इण्टर कालेज ने अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए 22 मई 2026 को ही गणना एवं सत्यापन का कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी।इस उत्कृष्ट कार्य के लिए नगर आयुक्त ने नगर निगम कार्यालय में श्रीमती भगवान देवी एवं श्री राम अकबाल यादव को सम्मानित कर उनकी कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।

नगर आयुक्त ने कहा कि इस प्रकार की प्रतिबद्धता अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। शनिवार को सहायक नगर आयुक्त तपस्या यादव व संबंधित प्रगणक द्वारा नगर आयुक्त के कैम्प कार्यालय पर जाकर नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के मकान सूचीकरण का ब्यौरा दर्ज किया। जनगणना अभियान के अंतर्गत मकान गणना एवं संबंधित ब्लॉक के मानचित्रण हेतु शासन द्वारा 22 मई से 20 जून 2026 तक की समयसीमा निर्धारित की गई है।

नगर आयुक्त ने बताया कि 8 कार्मिक, सहायक अध्यापिकाओं द्वारा जनगणना कार्य में शीतलता बरतने और अपने आवंटित कार्य क्षे में प्रगणक के रूप में कार्य नहीं करने पर सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। एफआईआर श्रीमती अनीता, श्रीमती नीलम मानव, श्रीमती अंजलि, श्रीमती भागवती श्रीमती रूपम, श्रीमती गीतान्जलि कौशिक, श्रीमती मीना वीरांगना, श्रीमती रेनू सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## थाना दक्षिण में किया गया थाना समाधान दिवस का आयोजन, सम्बंधित थाना प्रभारी व राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**फिरोजाबाद ।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की गरिमामई उपस्थिति में थाना दक्षिण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें, आई हुई समस्त शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए डीएम ने समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बंधित थाना प्रभारी व राजस्व विभाग को सख्त कार्रवाई हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि, जनता को त्वरित न्याय दिलाना हमारा कर्तव्य है, जमीनों पर अवैध कब्जें की कोशिश करने वाले भू-माफियाओं और प्रताड़ित करने वाले व्यक्तियों को किसी भी सूरत में बख्सा नहीं जाएगा, पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर जांच व न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी। थाना समाधान दिवस में थाना दक्षिण के अंतर्गत नई बस्ती निवासी अनीता अग्रवाल ने शिकायत की कि उनके भाई विवेक अग्रवाल से विवाद चल रहा है। आवेदिका का आरोप है कि, सिविल लाइन फिरोजाबाद में वाद संख्या 541/2025 विचाराधीन होने के बावजूद पुलिस द्वारा उनके भाई को प्रताड़ित किया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी को जांच के आदेश दिए हैं ताकि, पीड़ित परिवार को मानसिक उत्पीड़न से राहत और सुरक्षा मिल सके। थाना उत्तर के कबीर नगर निवासी अविनाश कुमार कोरी पुत्र हरी राम कोरी ने शिकायत की की 2014 में उसने मौजा लालऊ में 465 वर्ग मीटर का एक प्लॉट खरीदा था, जिस पर स्थानीय दबंगों द्वारा उनकी पैतृक भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है और निर्माण कार्य रोकने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जिलाधिकारी ने प्रभारी थाना दक्षिण को तीन दिवस के भीतर जांच आख्या प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही, राजस्व टीम के साथ समन्वय स्थापित कर भूमि की पैमाइश कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कराने का आदेश जारी किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद, नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडे, थाना प्रभारी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रभु के नाम जपने से ही भक्तों का कल्याण संभव

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** ग्राम सिधौली न्यू छर्रा अड्डा स्थित डीके ट्रेडर्स में भागवत कथा का आयोजन किया गया।इसमें मुख्य जजमान के रूप में प्रेमपाल सिंह धर्मपत्नी कुमारी दिनेश मुख्य यज्ञमान के रूप में अलीगढ़ के सुप्रसिद्ध कथा वाचक अशोक वैदिक के मुखार बिंदु से भगवान परीक्षित कथा संवाद सुंदर लीलाओं का वर्णन किया गया।आचार्य अशोक वैदिक ने कहा कि कलयुग सिर्फ नाम अधारा कलयुग में प्रभु के नाम जपने से ही भक्तों का कल्याण संभव है। भगवान नारद जी के संवाद को बड़े ही सुंदर रूप में उनकी लीलाओं का वर्णन किया गया। इसी क्रम में अचार्य भास्कर पाठक आचार्य योगेश उपाध्याय द्वारा वैदिक विधि से कथा का पूजा पाठ कराया गया साथ ही साथ सुंदर स्वर लहरी के साथ प्रभु के भजनों के साथ भक्तों ने नाच गाकर कथा का आनंद लिया इस अवसर पर प्रमुख रूप से लोकेश कुमार योगेंद्र कुमार सिंह अभिषेक सिंह राकेश पाल सिंह योगेश रावल श्रीमती ममता रावल नीतू रावल माधुरी हर्ष लता लता सिंह प्रिंस भारद्वाज मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में खेत में मिला किसान का शव

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** हरदुआगंज थाना अन्तर्गत समस्तीपुर में खेत में पानी लगाने गये एक किसान का शव संदिग्ध अवस्था में पडा मिला। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, जिसके बाद शनिवार की सुबह उनका शव खेत के पास मिला।प्राप्त जानकारी के अनुसार हरदुआगंज थाना क्षेत्र के न्यू बैरान मोहल्ला निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र निधान सिंह शुक्रवार को समस्तीपुर स्थित अपने अपने मूंग के खेत में पानी लगाने गये थे। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, जिसके बाद उनका शव खेत के पास मिला। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों के बीच इस घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। परिजनों के अनुसार, नरेंद्र सिंह रोज की तरह खेत पर गए थे। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटे, तो परिवार और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की, जिसके बाद उनका शव खेत के पास बरामद हुआ।

## डीएम ने बच्चों की सुरक्षा के लिए सोमवार को स्कूलों में घोषित किया अवकाश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** मौसम विभाग द्वारा जिले में आगामी दिनों के लिए भीषण गर्मी एवं हीटवेव की चेतावनी जारी किए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यालयों में 25 मई सोमवार का अवकाश घोषित किया। है।जिलाधिकारी ने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान और लू की स्थिति बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। विद्यालय आने-जाने के दौरान विद्यार्थियों को तेज धूप एवं गर्म हवाओं से बचाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन से भी अपील की है कि बच्चों को अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलने दें और पर्याप्त पानी एवं जरूरी सावधानियां अपनाएं।

## आईएमआईएम के जिलाध्यक्ष पर रिपोर्ट दर्ज

**अलीगढ़।** एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष यामीन खान अब्बासी पर आरोप है कि आरोपी जिलाध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट गेट पर सड़क पर नमाज पढ़ने की धमकी दी थी। उन्होंने हिंदू समाज की कांवड़ यात्रा और कांवड़ियों के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें नशेड़ी कहा था। विहिप नेता गौरव महेश्वरी का आरोप है कि 21 मई को कलेक्ट्रेट गेट पर हुए एक प्रदर्शन के दौरान एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष ने सार्वजनिक मंच और सोशल मीडिया पर ऐसा बयान दिया, जिससे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। गिरफ्तार करने वाली टीम में आरपीएफ के स0उ0नि0 सुनील कुमार विश्वकर्मा, हे0कां0 गौरव सिंह, हे0कां0 संदीप कुमार और जीआरपी के उ0नि0 गौरव वर्मा शामिल रहे।

## आज दो पालियों में होगी यूपीएससी एग्जाम




मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित देश की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवाओं की प्रवेश परीक्षा 24 मई को दो पालियों में होगी। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए अलीगढ़ प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर खास इंतजाम किए हैं। 11 परीक्षा केंद्रों पर कुल 4467 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की। इसमें में स्कूल प्रबंधकों, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों सहित परीक्षा से जुड़े अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।अपर जिलाधिकारी नगर किंशुक श्रीवास्तव ने बताया कि पहली पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी का प्रभाव अत्यधिक है, इसलिए अभ्यर्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत पेयजल, पंखे एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कर ली जाएं।एडीएम सिटी ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर कक्षों में जैमर लगाए जाएंगे। मोबाइल फोन के प्रयोग एवं सुरक्षा मानकों के संबंध में भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, चंपा अग्रवाल गर्ल्स इंटर कॉलेज, धर्म समाज महाविद्यालय, डीएवी इंटर कॉलेज, रतन प्रेम डीएवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज, बाबूलाल जैन इंटर कॉलेज, एसएमबी इंटर कॉलेज, श्री टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज, श्री टीकाराम कन्या महा विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

# जीआरपी पुलिस ने लाखों के गांजा समेत अभियुक्त दबोचा



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** जीआरपी पुलिस ने अलीगढ जंक्शन प्लेटफार्म से एक अभियुक्त को लाखों रुपए का गांजा बरामद करके जेल भेजा है। जीआरपी पुलिस ने अलीगढ़ जंक्शन के प्लेट फार्म नं0 7 से मनोरंजन मंडल पुत्र सुजान मंडल निवासी ग्राम-पुष्पांनगो पोस्ट सबरपली, थाना-आर उदयगिरी सम्भलपुर गजपति, जिला सम्भलपुर राज्य उडीसा को 12.580 किग्रा नशीले पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त से पूछताछ करने पर बताया कि वह उक्त गांजा भुवनेश्वर उड़िसा से लाया है और गाजियाबाद में झुग्गी झोपड़ी में बेचकर अपना खर्चा चलाता है। गांजे की कीमत-06 लाख 29 हजार रुपये जीआरपी अलीगढ़ द्वारा ऑकी गई हैं।

## गोवर्धन परिक्रमा से लौट रहे दो दोस्तों की मौत

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** गोर्वधन की परिक्रमा लगाकर लौट रहे, दो दोस्त इगलास मथुरा मार्ग पर बाइक टेंपो से टकरा जाने से गंभीर रूप से घायल हो गये। बाद में दोनों की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर अंतिम परीक्षण हेतु पोस्टमार्टम ग्रह भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना जवां क्षेत्र कासिमपुर पावर हाऊस निवासी हर्ष अग्रवाल पुत्र राजेश अग्रवाल और कपिल पाल सिंह पुत्र मांगेलाल दोनों युवक शुक्रवार की रात गोवर्धन में गिर्राजजी की परिक्रमा लगाने गए थे। शनिवार की सुबह जब वह दोनों वापस लौट रहे थे तो उनकी बाइक इगलास मथुरा मार्ग पर एक टेंपो से टकरा गई और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए उपचार शुरू किया, लेकिन दोनों युवकों की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने भी हादसे पर दुख जताया है। टेंपो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने टेंपो को कब्जे में ले लिया है। इंस्पेक्टर इगलास दिनेश कुमार सिसोदिया ने बताया कि पीड़ित परिवार को सूचना दे दी गई है और तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खुले व प्लास्टिक पॉलीथिन में मीट बिक्री पर प्रतिबंध

मोर्निंग सिटी संवाददाता




अलीगढ़। नगर निगम द्वारा नगरीय क्षेत्र में खुले व प्लास्टिक पॉलीथिन में मीट बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के निर्देश पर पशु कल्याण अधिकारी डॉ राजेश वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य, प्रवर्तन एवं पशुधन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार को जीवनगढ़ क्षेत्र में निरीक्षण एवं कार्रवाई की गई जिसमें दो दर्जन से अधिक मीट विक्रेताओं को नोटिस जारी किए गए।

गौरतलब है कि बीते दिनों नगर आयुक्त के समक्ष स्थानीय पार्षदों एवं नागरिकों द्वारा शहर की तंग गलियों में खुले में मीट बिक्री किए जाने तथा पशुओं के अवशेष सड़कों पर फेंके जाने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं।नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा दोदपुर, जीवनगढ़, शाहजमाल, ईदगाह, जमालपुर नाला रोड एवं मेडिकल रोड क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान भी बड़ी संख्या में मीट विक्रेता बिना ढके मीट की बिक्री करते पाए गए।निरीक्षण में यह भी पाया गया कि कई दुकानदार पशुओं के अवशेष खुले में सड़कों पर फेंक रहे हैं जिससे क्षेत्र में गंदगी फैलने के साथ-साथ जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उक्त स्थिति को गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त ने नगरीय क्षेत्र में खुले में किसी भी प्रकार की मीट बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए हैं साथ ही जो खुले में मीट की बिक्री करेगा उसके विरुद्ध वैधानिक करवाया भी की जाएगी।नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि नगर निगम द्वारा कार्रवाई के दौरान मीट विक्रेताओं को दुकान में स्वच्छता बनाए रखने, मीट को पूर्णतः ढककर रखने तथा पशु अवशेषों का समुचित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

# छोटी खबरें

## 31 मई को नि:स्वार्थ सेवा संस्थान करेगा प्रतिभाओं का सम्मान

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करने और उनके उज्ज्वल भविष्य को नई दिशा देने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था नि:स्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा एक बार फिर सराहनीय पहल की जा रही है। संस्था के तत्वावधान में आगामी 31 मई 2026, रविवार को प्रात: 9:00 बजे से दून पब्लिक स्कूल, हाथरस में भव्य ह्लमेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 2026ह्व आयोजित किया जाएगा।संस्थान के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की प्रतिभा को समाज के सामने लाना, उन्हें सम्मानित करना तथा अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थियों की मेहनत को समय पर सम्मान मिलता है, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे भविष्य में देश व समाज के विकास में बेहतर योगदान देने के लिए प्रेरित होते हैं।समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उन मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने हाल ही में घोषित बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं। संस्था द्वारा निर्धारित पात्रता के अनुसार यूपी बोर्ड के वे विद्यार्थी जिन्होंने 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं तथा सीबीएसई बोर्ड के वे छात्र-छात्राएं जिन्होंने 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किए हैं, उन्हें मंच पर स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।संस्थान ने हाथरस जनपद के सभी योग्य मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं शिक्षा प्रेमियों से समारोह में सहभागिता की अपील की है। पात्र विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से अपनी जानकारी एवं मार्कशीट अपलोड कर सकते हैं। आवेदन हेतु गूगल फॉर्म लिंक एवं अन्य जानकारियां संस्था के आधिकारिक फेसबुक पेज @nsshts पर उपलब्ध कराई गई हैं।अधिक जानकारी के लिए 9711458528 एवं 8755054555 पर संपर्क किया जा सकता है।कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं को लेकर आयोजित बैठक में संस्था के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सचिव नीरज गोयल, कोषाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी सीए प्रतीक अग्रवाल, प्रवक्ता हिमांशु गौड़, सोशल मीडिया प्रभारी सारांश टालीवाल, सह सचिव तरूण राघव, सह सचिव निष्कर्ष गर्ग, ध्रुव कोठीवाल, आशीष अग्रवाल, सतेंद्र मोहन, डॉ. रंगेश शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** सिकंदराराऊ नगर के टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में 23 मई से समर कैम्प का शुभारंभ हुआ है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या श्रीमती रंजना कुमार व प्रबंधक किशनवीर सिंह ने मां सरस्वती पूजन कर एवं फीता काट कर किया। समर कैंप में जुम्बा डांस,क्राफ्ट, योगा,सांस्कृतिक नृत्य,स्विमिंग, गेम्स अन्य बहुत सारी एक्टिविटी रोजना करायी जाएंगी। सभी प्रतिभागियों को फ्रीपीरैल्ल३ पॉपकॉर्न , चाउमीन,केक दिए गए।प्रधानाचार्या श्रीमती रंजना कुमार ने प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है। प्रबंधक किशनवीर सिंह ने सभी छात्र छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ -साथ इस तरह के आयोजन विद्यालय में समय - समय पर होते रहने चाहिए इससे छात्र छात्राओं के विकास में बृद्धि होती है।कार्यक्रम की संचालन कर्ता ममता सिंह, मंजुल माहेश्वरी हैं।कार्यक्रम में संध्या जादोंन ,सुधीर चौहान,बृजेश शर्मा, एम पी सर, रंजना यादव,ज्योति वार्ष्णेय, सोनी, श्रंखला , बदरा रासिद, विनय कुमा२र, नीरू कश्यप, मनीषा गोला, काविता पुंढीर, प्रकाश वार्ष्णेय , यशस्वी सक्सेना, दिव्या माहेश्वरी ,सुषमा यादव , दीपक सिंह, अजीम अहद, दिव्यांश सैनी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे ।

## ठगी पीड़ितों ने भुगतान की मांग को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के पदाधिकारियों ने भुगतान चेतावनी दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित खुला ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर शीघ्र भुगतान की मांग उठाई। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि संसद द्वारा पारित अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 के तहत ठगी पीड़ितों को उनकी जमा राशि वापस दिलाने का प्रावधान किया गया था, लेकिन वर्षों बाद भी पीड़ितों को भुगतान नहीं मिल सका है।ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि विभिन्न निजी वित्तीय संस्थानों, कोऑपरेटिव सोसायटियों और अन्य संस्थाओं में जमा धनराशि डूबने के बावजूद पीड़ितों को राहत नहीं मिली। संगठन ने मांग की कि सभी ठगी पीड़ितों को उनकी परिपक्व राशि और ब्याज सहित भुगतान कराया जाए तथा प्रत्येक जिले और तहसील में भुगतान पटल स्थापित किए जाएं।संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि इस मांग को लेकर सत्याग्रह के माध्यम से आंदोलन चलाया जा रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में सूरजपाल सिंह राघव, महिपाल सिंह, मंजू शर्मा, राजेंद्र सिंह बालियान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## र्यटन विकास को लेकर व्यापार मंडल ने दिए सुझाव

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** अलीगढ़ रोड स्थित श्री कैला फार्म हाउस में आयोजित पर्यटन कार्निवल सामूहिक विकास संगोष्ठी में व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने सहभागिता कर हाथरस में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए कई सुझाव दिए। इस दौरान फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने जिलाधिकारी अतुल वत्स को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में मंदिर श्री दाऊजी महाराज क्षेत्र से अतिक्रमण हटाकर वहां रहने वाले लोगों को काशीराम कॉलोनी फेस-2 में आवंटन करने का सुझाव दिया गया। साथ ही मंदिर क्षेत्र के आसपास वाटर पार्क, मनोरंजन पार्क, परिक्रमा मार्ग, जिम, सभागार, रैन बसेरा, लघु बाजार, चाट चौपाटी बाजार, लाइब्रेरी और पार्क जैसी सुविधाएं विकसित किए जाने की मांग रखी गई।व्यापार मंडल पदाधिकारियों का कहना था कि इन योजनाओं से हाथरस में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और जनपद का चौमुखी विकास संभव हो सकेगा। इस अवसर पर ऋषि कुमार वार्ष्णेय, योगेश वार्ष्णेय, अनिल वार्ष्णेय और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रश्वत लेते चौकी प्रभारी गिरफ्तार, एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन आगरा और अलीगढ़ की संयुक्त टीम ने सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र की कचौरा पुलिस चौकी प्रभारी जंगजीत सिंह को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। दरोगा पर मारपीट के मामले में कार्रवाई करने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है।सिकंदराराऊ के गांव जुलापुर निवासी रीना ने 10 मई को गांव के चार लोगों के खिलाफ मारपीट और अभद्रता की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि मामले में कार्रवाई और गिरफ्तारी के लिए चौकी प्रभारी 10 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। महिला ने इसकी शिकायत भ्रष्टाचार निवारण संगठन से की, जिसके बाद आगरा और अलीगढ़ की संयुक्त ट्रैप टीम गठित की गई।बताया गया कि जैसे ही महिला ने केमिकल लगे नोट चौकी प्रभारी को दिए, टीम ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद टीम ने चौकी पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की और आरोपी दरोगा को हाथरस जंक्शन कोतवाली ले जाया गया। एसपी चिरंजीवनाथ सिन्हा ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

## हाईवे पर डबल डेकर बस में ट्रक की टक्कर, 15 से अधिक घायल

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** मथुरा-बरेली नेशनल हाईवे पर शनिवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। जयपुर से बरेली जा रही एक डबल डेकर बस सड़क किनारे खड़ी थी, तभी जवार टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बस में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस में चीख-पुकार मच गई और मौके पर अफरा-तफरी फैल गई।बताया जा रहा है कि बस में 50 से अधिक यात्री सवार थे। हादसे में 15 से ज्यादा लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सूचना मिलने पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। घायलों में नूर हसन, सरताज जहां और साजिया समेत कई यात्री शामिल बताए गए हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक तेज रफ्तार में था और नियंत्रण खोने के कारण हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया।

# सीएमओ डॉ. राजीव राय के औचक निरीक्षण में कई स्वास्थ्य केंद्रों पर मिलीं खामियां, अनुपस्थित कर्मचारियों के वेतन पर रोक

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव राय ने जनपद की विभिन्न चिकित्सकीय इकाइयों का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर चिकित्सकीय इकाइयों में अव्यवस्थाएं, साफ-सफाई की खराब स्थिति तथा कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिस पर सीएमओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कार्मिकों के वेतन आहरण पर रोक लगाने और स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर का सुबह 8:20 बजे निरीक्षण किए जाने पर केंद्र बंद मिला।

इस पर सीएमओ ने डॉ. शुभम चिकित्साधिकारी को अग्रिम आदेशों तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आरती तथा फार्मासिस्ट चन्द्रभान सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सासनी पर संबद्ध करने के निर्देश दिए। साथ ही डॉ. नीलम सिंह चिकित्साधिकारी आयुष और स्टाफ नर्स अमिता सिंह के मई माह के वेतन आहरण पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी गई।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसायन के निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रकाश मोहन अनुपस्थित मिले। वहीं उपस्थिति पंजिका के अनुसार कई चिकित्साधिकारी एवं स्टाफ नर्स भी अनुपस्थित पाए गए। एक्स-रे कक्ष, एलटी कक्ष तथा कोल्ड चेन कक्ष का निरीक्षण किया गया, जहां व्यवस्थाएं आंशिक रूप से संतोषजनक मिलीं।सीएमओ ने केंद्र की साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक से दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अनुपस्थित चिकित्सकों एवं स्टाफ का 23 मई 2026 का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सासनी के निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पंकज कुमार ओपीडी करते मिले। निरीक्षण में दो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जबकि स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रजनीश कुमार 19 मई से अनुपस्थित मिले। सीएमओ ने उनका स्थानांतरण सीएचसी हसायन कर दिया।निरीक्षण के दौरान एलटी कक्ष, डेंटल कक्ष, आयुष्मान वार्ड, एआरवी कक्ष, एनसीडी कक्ष एवं लेबर वार्ड का निरीक्षण किया गया। चिकित्सालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीजों के उपचार एवं जांच की जानकारी ली गई। लेबर वार्ड में माह मई में अब तक 127 प्रसव कराए जाने की जानकारी दी गई।सीएमओ ने मरीजों को संतोषजनक उपचार उपलब्ध कराने, रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने तथा अस्पताल परिसर के बाहर साफ-सफाई बेहतर करने के निर्देश दिए। साथ ही अनुपस्थित कर्मचारियों के वेतन आहरण पर रोक लगाने के आदेश जारी किए।

# रजवाहे में पानी न आने से सूखने लगीं फसलें, किसानों की बढ़ी चिंता

मोर्निंग सिटी संवाददाता





**हाथरस।** लगातार बढ़ते तापमान और रजवाहों में पानी न आने से किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। खेतों में खड़ी बाजरा, मूंग, कपास और ज्वार की फसलें सूखने लगी हैं। मथुरा जनपद की निचली मांट ब्रांच के अंतर्गत आने वाला रजवाहा हाथरस जनपद के मुरसान ब्लॉक के गांव जटोई, करील, गिलोंदपुर, गुबरारी, उदयभान, भकरोई, भूड़री, कटैला, नगला अनी, नगला भाऊ, पेंठगांव, खुटी पुरी सहित सादाबाद ब्लॉक के दर्जनों गांवों के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराता है, लेकिन पिछले कई दिनों से रजवाहे में पानी नहीं आने से किसान परेशान हैं।किसानों की समस्या को देखते हुए समाजसेवी कैलाश चौधरी ने शनिवार को सिंचाई विभाग के एसई आलोक चतुर्वेदी को व्हाट्सएप पर लिखित रूप से रजवाहे में पानी छोड़ने की मांग भेजी। उन्होंने कहा कि निचली मांट ब्रांच से जटोई रजवाहे में जल्द पानी छोड़ा जाए ताकि किसानों की सूखती फसलों को राहत मिल सके।गांव जटोई के किसान मुलायम सिंह, पीतम सिंह और तेजवीर सिंह ने बताया कि 30 अप्रैल को रजवाहे में पानी छोड़ा गया था, जिससे किसानों को काफी राहत मिली थी, लेकिन अब कई दिनों से पानी बंद है। वहीं गुबरारी गांव के रणबीर, ओमबीर और खजान सिंह ने कहा कि पानी न मिलने से उनकी फसलें लगातार सूख रही हैं और यदि जल्द पानी नहीं मिला तो भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।इस संबंध में सिंचाई विभाग के एसई आलोक चतुर्वेदी ने बताया कि टिहरी में केवल 50 प्रतिशत पानी शेष बचा है और गंग नहर में भी पानी की कमी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि नदी में निचली मांट ब्रांच के लिए पानी चलवाया गया है और यदि अगले तीन-चार दिनों तक टिहरी से पानी की आपूर्ति जारी रही तो रजवाहे में भी पानी छोड़ दिया जाएगा।

# टेंपो चालकों से अवैध वसूली करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** थाना कोतवाली नगर एवं यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में टेंपो चालकों से डरा-धमकाकर अवैध वसूली करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार 21 मई 2026 को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं समाचार पत्रों के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि तालाब चौराहा क्षेत्र में ठेकेदार द्वारा नगर पालिका की निर्धारित फीस से अधिक रकम टेंपो चालकों से वसूली जा रही है। आरोप था कि टेंपो चालकों को डरा-धमकाकर अवैध तरीके से धन वसूला जा रहा है।मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा ने अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक यातायात एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।जांच के दौरान पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर टेंपो चालकों से पूछताछ की। जांच में सामने आया कि नगर पालिका द्वारा प्रति टेंपो 20 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया था, लेकिन ठेकेदार ने अवैध वसूली के लिए रिंकू और सोनू को लगाया हुआ था। दोनों आरोपी टेंपो चालकों को डरा-धमकाकर निर्धारित शुल्क से दो से तीन गुना अधिक रकम वसूल रहे थे।पुलिस ने आरोपी सोनू और रिंकू मिश्रा के खिलाफ थाना कोतवाली नगर में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों में रिंकू मिश्रा पुत्र बच्चू लाल मिश्रा निवासी बाला पट्टी नई बस्ती तथा सोनू पुत्र इब्राहिम निवासी सिद्धार्थ नगर नया नगला, थाना कोतवाली नगर शामिल हैं।पुलिस के अनुसार मामले में मुकदमा अपराध संख्या 222/26 धारा 308(2) बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया है।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** आगामी ईदुज्जुहा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली हाथरस में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अतुल वत्स एवं पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने की।

इसमें विभिन्न समुदायों के संभ्रांत नागरिक, धर्मगुरु और शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार के अनावश्यक प्रदर्शन, उकसावे और नई परंपरा की शुरूआत से बचने की अपील की। साथ ही अभिभावकों से युवाओं और बच्चों को सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रेरित करने को कहा।बैठक में सोशल मीडिया पर भड़काऊ और आपत्तिजनक सामग्री साझा न करने की भी अपील की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद की पहचान आपसी भाईचारे और सौहार्द से है, जिसे बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रशासन ने साफ-सफाई, पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पूरी तैयारी होने का भरोसा दिलाया।

# ढकपुरा हत्याकांड का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** थाना हाथरस गेट क्षेत्र के ग्राम ढकपुरा में युवक की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। जवाबी फायरिंग में आरोपी ऋषभ मीणा के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।पुलिस के अनुसार 19 मई 2026 को ग्राम ढकपुरा निवासी आकाश पुत्र ओमी उर्फ ओमप्रकाश ने थाना हाथरस गेट में तहरीर देकर बताया था कि 18 मई को उसके पिता ओमी उर्फ ओमप्रकाश और पड़ोसी महेंद्र पुत्र राजपाल के बीच घरेलू बातों को लेकर शराब के नशे में कहासुनी और गाली-गलौज हुई थी।आरोप है कि महेंद्र के पुत्र कृष्णा ने अपने पिता को गाली देने का विरोध करते हुए अपने साथियों को बुला लिया और वादी के घर के सामने गाली-गलौज करने लगा। इसी दौरान चबूतरे पर बैठे वादी के चचेरे भाई सोनू पुत्र रामवीर ने विरोध किया तो आरोपियों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।घटना के बाद पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस एवं सर्विलांस टीमों का गठन किया। जांच के दौरान साक्ष्य संकलन और लगातार दबिश दी गई।पुलिस के अनुसार 23 मई 2026 को नगला सिंघी के पास पुलिस टीम की आरोपी ऋषभ मीणा से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लग गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपी ऋषभ मीणा पुत्र कुंवरसैन मीणा निवासी बोझिया, थाना हाथरस जंक्शन के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, तीन जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की एक स्कूटी बरामद की गई है।पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में गाली-गलौज, धमकी, बलवा, तोड़फोड़, गंभीर चोट पहुंचाने, अवैध शस्त्र अधिनियम, एससी-एसटी एक्ट तथा हत्या के प्रयास सहित कई मामले दर्ज हैं।

# आरसेटी के उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन, 35 युवाओं को मिला स्वरोजगार का प्रशिक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**हाथरस।** सासनी-जलेसर मार्ग स्थित गांव किशनगढ़ी में संचालित कैनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में आयोजित छह दिवसीय सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) का समापन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में क्षेत्र के 35 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग कर स्वरोजगार एवं उद्यमिता से जुड़े महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त किए।समापन अवसर पर संस्थान के निदेशक सुनील कुमार झा ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से ही एक सामान्य युवा सफल उद्यमी बन सकता है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में केवल नौकरी की तलाश करने के बजाय स्वयं का रोजगार स्थापित करना अधिक उपयोगी और सम्मानजनक विकल्प है। यदि युवा अपने कौशल और रुचि के अनुसार कार्य प्रारंभ करें, तो वे न केवल आत्मनिर्भर बन सकते हैं, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं।कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार और व्यवसाय से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इसमें बाजार की मांग और रुचि के अनुसार सही व्यवसाय का चयन, व्यापार में पूंजी का उचित उपयोग, हिसाब-किताब रखने के तरीके, बैंक ऋण एवं सरकारी सब्सिडी योजनाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया तथा उत्पादों की मार्केटिंग एवं ग्राहकों को आकर्षित करने के उपाय शामिल रहे।समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संस्थान के निदेशक सुनील कुमार झा ने सभी सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपना नया कार्य शुरू करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थान का समस्त स्टाफ एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# हाथरस पुलिस की मानवीय पहल, 30 जरूरतमंद बच्चों का विभिन्न विद्यालयों में कराया प्रवेश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** जहां संवेदनाएं कर्तव्य से जुड़ जाती हैं, वहां पुलिस केवल कानून की रक्षक नहीं बल्कि समाज के भविष्य की निमार्ता बन जाती है। इसी भावना को साकार करते हुए हाथरस की थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने मानवता, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। पुलिस टीम द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों के 30 बच्चों का विभिन्न विद्यालयों में प्रवेश कराया गया।थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा बच्चों का प्रवेश महात्मा गांधी इंटर कॉलेज, लाला का नगला, प्राथमिक विद्यालय कांशीराम कॉलोनी, वीसी जुरिया पब्लिक स्कूल तथा सरजोबाई इंटर कॉलेज में कराया गया। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्यधारा से जोड़कर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखना रहा।इस अवसर पर जिलाधिकारी अतुल वत्स एवं पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने थाना कोतवाली नगर पहुंचकर बच्चों से आत्मीय मुलाकात की। अधिकारियों ने बच्चों को टॉफी, चॉकलेट, फ्रूटी, चिप्स आदि वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके भविष्य, पढ़ाई और सपनों के बारे में बातचीत की। बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, लक्ष्य निर्धारित करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक अपने सपनों और इच्छाओं को साझा किया, जिससे पूरा वातावरण भावुक एवं प्रेरणादायी बन गया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पुस्तकें, कॉपियां, स्कूली ड्रेस एवं अन्य आवश्यक शैक्षिक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। पुलिस की इस संवेदनशील पहल से बच्चों और उनके अभिभावकों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। कई अभिभावकों ने भावुक होकर बताया कि आर्थिक तंगी के कारण वे बच्चों को विद्यालय नहीं भेज पा रहे थे, लेकिन पुलिस और प्रशासन की इस पहल ने उनके बच्चों के भविष्य को नई दिशा देने का कार्य किया है।जिलाधिकारी अतुल वत्स एवं पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने पुलिस टीम के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस का दायित्व केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ना भी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ना समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी सेवा है तथा भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायी कार्य निरंतर किए जाने चाहिए।

## हाथरस पुलिस ने 15 बच्चों का दाखिला कराया :गरीबी के चलते स्कूल नहीं जा पा रहे थे, बच्चे बोले- रोज जाएंगे स्कूल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस** हाथरस पुलिस ने शिक्षा के प्रति जागरूकता दिखाते हुए एक सराहनीय पहल की है। पुलिस विभाग ने आर्थिक रूप से कमजोर और स्कूल न जाने वाले 15 बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत इन बच्चों का विद्यालय में दाखिला कराया गया। पुलिस टीम ने उन बच्चों की पहचान की जो आर्थिक तंगी, पारिवारिक परिस्थितियों या जागरूकता की कमी के कारण स्कूल नहीं जा पा रहे थे। टीम ने बच्चों के अभिभावकों से संपर्क किया और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। अभिभावकों को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल के तहत, थाना कोतवाली परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिलाधिकारी अतुल वत्स और पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बच्चों से "स्कूल चलो अभियान" के नारे लगवाए और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने तथा प्रतिदिन स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बच्चों को चिप्स, बिस्कुट और अन्य खाद्य सामग्री भी वितरित की गई।

# महोबा में अजय राय के बयान पर बवाल, अमर्यादित टिप्पणी मामले में मुकदमा दर्ज

मॉर्निंग सिटी संवाददाता









नीट छात्रा अपहरण व दुष्कर्म मामले में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय अब अपने बयान को लेकर विवादों में घिर गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में उनके द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महोबा पुलिस अधीक्षक पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के बाद सियासी बवाल खड़ा हो गया है।

बताया जा रहा है कि पीड़ित परिवार से मिलने के दौरान एक कार्यकर्ता द्वारा पुलिस पर दबाव बनाने की शिकायत करने पर अजय राय ने कथित रूप से आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। इसके अलावा लौटते समय प्रधानमंत्री के खिलाफ भी अमर्यादित टिप्पणी का वीडियो वायरल हुआ, जिससे मामला और गरमा गया। यह पूरा घटनाक्रम उस समय सामने आया जब अजय राय महोबा में नीट छात्रा के अपहरण और दुष्कर्म मामले को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने पीड़िता के लिए 50 लाख रुपये मुआवजा और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग भी की। भाजपा एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह बेहद अशोभनीय है और इससे कांग्रेस का असली चेहरा सामने आता है। उन्होंने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामले में भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य नीरज रावत की तहरीर पर शहर कोतवाली में अजय राय, ब्रजराज सिंह अहिरवार एवं 25-30 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि बिना अनुमति कार्यक्रम आयोजित कर रास्ता बाधित किया गया और सरकारी कार्य में भी व्यवधान डाला गया। साथ ही प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर माहौल खराब करने का प्रयास किया गया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 126(2), 352, 196(1), 189(2) एवं 132 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने कार्रवाई की पुष्टि की है। वायरल वीडियो सामने आने के बाद जिले में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। मामले को लेकर विभिन्न राजनीतिक दल आमने-सामने आ गए हैं और आगे की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**सिकंदरा (कानपुर देहात),23 मई:** नगर पंचायत सिकंदरा के मालवीय नगर स्थित कांग्रेस कमेटी कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। र्यक्रम में 207 सिकंदरा विधानसभा के कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी अरविंद पाल ने कहा कि राजीव गांधी ने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया और भारत को आधुनिक व आत्मनिर्भर बनाने का सपना देखा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की सोच देश को 21वीं सदी में आगे बढ़ाने की थी, जिसमें संचार क्रांति, युवाओं की भागीदारी, बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई। अरविंद पाल ने कहा, राजीव गांधी हर दिल अजीज नेता थे, जो बिना सुरक्षा के जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनते थे और उनके समाधान के लिए कार्य करते थे। उन्होंने विश्वास जताया कि राहुल गांधी उनके अधूरे सपनों को पूरा करेंगे। इस अवसर पर शिवम सोनी, छक्की लाल दोहर, राकेश प्रजापति, रामचंद्र राजपूत, दर्शन सिंह, सनी शाह सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चंबल में छोड़े गए 575 नन्हे कछुए, वन विभाग में उत्साह

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**भरथना/चकरनगर (इटावा), 23 मई:** चंबल नदी में लुप्तप्राय कछुओं के संरक्षण को लेकर बड़ी सफलता सामने आई है। एक सप्ताह के भीतर 575 नन्हे कछुओं को सुरक्षित रूप से चंबल नदी में छोड़ा गया है, जिससे वन विभाग में खुशी का माहौल है। शनिवार को सहसों घाट पर 166 बटागुर प्रजाति के कछुओं को नदी में छोड़ा गया। ये कछुए ढोर और साल प्रजाति के हैं, जो दुनिया में तेजी से विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुके हैं। वन विभाग के अनुसार चंबल नदी का वातावरण इन कछुओं के लिए अनुकूल साबित हो रहा है, जिससे इनके संरक्षण के प्रयास सफल हो रहे हैं। वन दरोगा बीपी सिंह चौहान ने बताया कि फरवरी-मार्च में कछुओं की नेस्टिंग हुई थी। अंडों की सुरक्षा के लिए नेस्ट पर जाली लगाई गई थी, जिसे हैचिंग पीरियड शुरू होने पर हटा लिया गया। अंडों से बच्चे निकलने के बाद टीम उन्हें सुरक्षित एकत्र कर नदी में छोड़ती है, ताकि उनका प्राकृतिक जीवन चक्र सुचारु रूप से जारी रह सके। विशेषज्ञों के अनुसार ढोर प्रजाति के कछुए अब केवल चंबल नदी में ही बचे हैं, जबकि साल प्रजाति के लगभग 98 प्रतिशत कछुए चंबल में और शेष यमुना व गंगा में पाए जाते हैं। वन क्षेत्राधिकारी कोटेश त्यागी ने बताया कि कछुओं के नेस्ट की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। कछुओं की संख्या में बढ़ोतरी से विभाग का अमला काफी उत्साहित है। वन विभाग द्वारा लगातार संरक्षण प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में इन लुप्तप्राय प्रजातियों की संख्या में और वृद्धि होने की उम्मीद है।

# बकरीद पर शांति बनाए रखने की अपील, सड़क पर नमाज व खुले में कुबार्नी पर रोक



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**जसवंतनगर/इटावा, 23 मई:** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह ने की। बैठक में मुस्लिम समाज के गणमान्य लोग, धर्मगुरु और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान सीओ आयुषी सिंह ने सभी से कानून व्यवस्था का पालन करते हुए भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि– सड़क पर नमाज अदा नहीं की जाएगी

खुले स्थानों पर कुबार्नी नहीं दी जाएगी कुबार्नी के अवशेषों को निर्धारित स्थान पर ही निस्तारित किया जाएगा साथ ही शासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। थाना प्रभारी निरीक्षक कमल भाटी ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और उपद्रवी तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया और त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प लिया।

# जनगणना-2027 का प्रथम चरण शुरू, 20 जून तक चलेगा मकान सूचीकरण कार्य

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**माती मुख्यालय (कानपुर देहात), 23 मई:** भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना-2027 के तहत जनपद कानपुर देहात में प्रथम चरण ाकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई 2026 से प्रारंभ हो गया है, जो 20 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं जिला जनगणना अधिकारी दुष्यंत कुमार मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के अंतर्गत प्रगणक घर-घर जाकर प्रत्येक भवन एवं मकान का चिन्हीकरण करेंगे तथा संबंधित सूचनाएं ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करेंगे। ाथम दिवस पर ही प्रगणकों ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर डेटा संकलन शुरू कर दिया है ।साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के आवासीय परिसरों पर भी मकान सूचीकरण का कार्य किया गया। जनगणना कार्य के लिए जनपद में करीब 3314 प्रगणक एवं 550 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। कुल 3460 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (HLB) निर्धारित किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तहसीलदारों को चार्ज अधिकारी तथा नगरीय क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों के अनुसार जनगणना केवल जनसंख्या गणना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल, सड़क, रोजगार जैसी योजनाओं की आधारशिला है। सही आंकड़ों के आधार पर ही जनकल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है जिलाधिकारी कपिल सिंह ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाएं और प्रगणकों को सही जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी सूचनाएं गोपनीय रखी जाएंगी और केवल शासकीय व सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए उपयोग में लाई जाएंगी।

प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनगणना कार्य को पूर्ण पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ संपन्न कराया जाए, ताकि विकास योजनाओं के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें।

# प्रशिक्षण वर्ग में बूथ प्रबंधन से लेकर कल्याणकारी योजनाओं तक हुई चर्चा




मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात, 23 मई:** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग के तहत आयोजित सत्रों में भाजपा नेताओं ने संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन और सरकारी योजनाओं को लेकर कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी। प्रथम दिन के अंतिम सत्र में प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने बूथ प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा का लक्ष्य ह्लमेरा बूथ, सबसे मजबूतह्व के संकल्प को धरातल पर उतारना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित और सक्रिय कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत होते हैं। दूसरे दिन सातवें सत्र में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री अजीत पाल ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का इलाज, आवास योजना और उज्ज्वला योजना जैसी योजनाएं गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर बना रही हैं। अष्टम सत्र में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक राजपूत ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पार्टी की नींव 1980 में पड़ी, जिसकी जड़ें 1951 में स्थापित भारतीय जनसंघ से जुड़ी हैं। वहीं वैचारिक अधिष्ठान पर बोलते हुए प्रदीप सरावगी ने कहा कि भाजपा की विचारधारा राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्कारों पर आधारित है। दशम सत्र में क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता विकास एक निरंतर प्रक्रिया है, जो उन्हें राष्ट्र-सेवा के लिए तैयार करती है। अंतिम सत्र में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने 2027 विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत का लक्ष्य लेकर कार्य करने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष रेणुका सचान ने कार्यक्रम की सफलता पर कार्यकर्ताओं का आभार जताया और आगामी चुनावों में चारों सीटों पर जीत का भरोसा जताया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला नीरज रानी पूनम संखवार विधान परिषद सदस्य अविनाश सिंह चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज शुक्ला डॉ सतीश शुक्ला शिव वीर भदोरिया मलखान सिंह चौहान नीरज पांडे सौरभ मिश्रा ऋषि सिंह बबलू कटियार विकास मिश्रा मीडिया प्रभारी आदि रहे।

# आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**सिकंदरा (कानपुर देहात), 23 मई:** थाना सिकंदरा क्षेत्र के घसमऊ गांव के पास इटावा-कानपुर नेशनल हाईवे किनारे एक आम के पेड़ पर युवक का शव फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

घटना बंद पड़े डिग्री कॉलेज के पीछे की है, जहां दोपहर में किसानों ने पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका शव देखा और पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि करीब 24 वर्षीय युवक का शव आम के पेड़ पर लटका हुआ था। युवक ने स्लेटी-सफेद धारीदार टी-शर्ट पहन रखी थी। फोरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन के दौरान पास में चप्पल और एक बीयर की बोतल बरामद हुई, जबकि मृतक की जेब से बीड़ी मिली है। किसानों के अनुसार, सुबह करीब 10 बजे तक पास के खेतों में सिंचाई का काम चल रहा था और उस समय वहां कोई शव नहीं था। एक घंटे बाद शव मिलने की सूचना मिली, जिससे घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि शव की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को मर्चरी में रखवाया गया है और आसपास के थानों में फोटो भेजी जा रही है।

पुलिस ने बताया कि शिनाख्त होने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# नाबालिग बालिका को बहला–फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**डेरापुर (कानपुर देहात), 23 मई:** जनपद में महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बरौर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना बरौर में 29 मार्च को वादी की तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 24/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर आरोपी मोनू सैनी पुत्र मुंशीराम सैनी निवासी ग्राम भैसड़ा थाना पहाड़ी, जनपद भरतपुर (राजस्थान) का नाम प्रकाश में आया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया और आरोपी को उसके गांव भैसेड़ा, थाना पहाड़ी, जनपद भरतपुर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा महिला अपराधों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# नीट छात्रा अपहरण-दुष्कर्म मामला उलझा, शादी का वीडियो वायरल होने से नया मोड़

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात** , 16 दिन बाद बरामद छात्रा ने लगाए गंभीर आरोप, अब आरोपी संग विवाह का वीडियो आया सामने  महोबा में नीट की छात्रा के अपहरण और दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले में नया मोड़ आ गया है। 16 दिन बाद बरामद हुई छात्रा ने जहां अपहरण, गैंगरेप और प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं, वहीं अब आरोपी युवक के साथ उसकी शादी का वीडियो वायरल होने से मामला और पेचीदा हो गया है। मध्य प्रदेश के छतरपुर की रहने वाली छात्रा 30 अप्रैल को कोचिंग से लौटते समय कथित रूप से अगवा कर ली गई थी। छात्रा के अनुसार, मोहित श्रीवास, अंकित श्रीवास एवं हल्लू राजपूत सहित अन्य आरोपियों ने उसे प्रयागराज में बंधक बनाकर रखा। पीड़िता का आरोप है कि उसे नशीले इंजेक्शन दिए गए, सिगरेट से दागा गया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। उसने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है।  अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के अनुसार, 1 मई को गुमशुदगी दर्ज होने के बाद चार टीमों का गठन किया गया था। 16 मई को छात्रा को बरामद कर परिजनों को सौंपा गया। मामले में तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें छात्रा आरोपी मोहित के साथ प्रयागराज में विवाह करती नजर आ रही है। वीडियो में पंडित द्वारा पूछे गए सवाल पर छात्रा स्वयं की मर्जी से शादी करने की बात कहती दिखाई दे रही है।   बताया जा रहा है कि दोनों का मैरिज सर्टिफिकेट भी सामने आया है और दोनों ने हाईकोर्ट में सुरक्षा की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है।  पुलिस के अनुसार, बरामदगी के समय छात्रा ने आरोपी के साथ रहने की बात कही थी, लेकिन बाद में परिजनों के संपर्क में आने पर उसने अपने बयान बदलते हुए अपहरण और दुष्कर्म का आरोप लगा दिया। मामले को लेकर कांग्रेस नेता ब्रजराज सिंह ने सरकार पर सवाल उठाते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पीड़िता को बेहतर इलाज की मांग की है। फिलहाल छात्रा का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है और पुलिस सुरक्षा में रखा गया है। पुलिस वायरल वीडियो, मेडिकल रिपोर्ट, कोर्ट के आदेश और सभी साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# झोलाछाप क्लीनिक व अवैध पैथोलॉजी पर छापेमारी, कई केंद्र सील

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**शिवली (कानपुर देहात), 23 मई:** जनपद में झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध रूप से संचालित क्लीनिक, पैथोलॉजी व निजी नर्सिंग होम के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त अभियान चलाते हुए छापेमारी की कार्रवाई की। इस दौरान कई संस्थानों को सील किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. सिंह ने बताया कि अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कानपुर मंडल एवं जिलाधिकारी कपिल सिंह के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.एल. वर्मा के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बिना पंजीकरण संचालित कई क्लीनिक और पैथोलॉजी केंद्रों को सील किया गया। इनमें प्रमुख रूप से– डॉ. विकास राजपूत हेल्थ केयर क्लीनिक, भेवान मैथा केशरी निवादा स्थित क्लीनिक आर्या मेडिकल स्टोर के पास संचालित अवैध क्लीनिक कंचन डेंटल क्लीनिक, मेन बाजार मैथा डॉ. शिवशंकर क्लीनिक, मेन बाजार मैथा इवान पैथ लैब, मेन बाजार मैथा अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना पंजीकरण या नवीनीकरण के संचालित किसी भी क्लीनिक, पैथोलॉजी या नर्सिंग होम के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि अवैध चिकित्सा संस्थानों पर रोक लगाई जा सके और आम जनता को सुरक्षित एवं मानक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन संपन्न, महिलाओं में राष्ट्रभक्ति का संदेश

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**जसवंतनगर/इटावा, 23 मई:** राष्ट्र सेविका समिति इटावा विभाग द्वारा आयोजित साप्ताहिक प्रारंभिक शिक्षा वर्ग के अंतर्गत शुक्रवार सायंकाल भव्य पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पथ संचलन का शुभारंभ रामनरेश शर्मा द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से किया गया। इसके बाद संचलन नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए रेलमंडी पहुंचकर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर सेविकाओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर राजबहादुर यादव, अरुण दुबे, प्रेम किशोर पाठक, पिंकी माथुर, श्रद्धा यादव, सतेंद्र सिंह तोमर, बलवीर सिंह यादव, सुरेश गुप्ता एवं श्रीकृष्ण कुशवाहा सहित अनेक लोगों ने भाग लिया। साप्ताहिक प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का आयोजन प्रियांशी संस्कार वैली स्कूल, लुधपुरा में किया जा रहा है। इस वर्ग का उद्देश्य महिलाओं में राष्ट्रभक्ति, संस्कार, अनुशासन एवं सेवा भावना का विकास करना है। वर्ग में इटावा के साथ–साथ औरैया व कानपुर देहात सहित विभिन्न जनपदों से करीब 25 शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन विभाग कार्यवाहिका संगीता एवं वर्ग कार्यवाहिका अर्चना के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान ममता शर्मा, शारदा पांडेय, भारती पाठक, डॉ. जानकी दीक्षित एवं दुर्गेश नंदिनी ने प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं में राष्ट्र सेवा, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया रक्तदान, संगोष्ठी आयोजित

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात**, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रक्तदान शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर संयुक्त चिकित्सालय में आयोजित रक्तदान शिविर में कांग्रेस कार्यकताओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इस दौरान कई युवाओं ने रक्तदान किया, जबकि करीब एक दर्जन लोगों ने पंजीकरण कराया। आशुतोष दीक्षित ने कहा, रक्तदान करने से शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता, बल्कि यह किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का माध्यम बनता है। रक्तदान महादान है और युवाओं को इसमें बढ़–चढ़कर भाग लेना चाहिए। रक्तदान शिविर से पूर्व नगर पालिका स्थित कांग्रेस कार्यालय पर मलखान सिंह यादव के नेतृत्व में संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें कोमल सिंह कुशवाहा, अरुण यादव, संजय दोहरे एवं सरवर अली सहित कई पदाधिकारियों ने भाग लिया। रक्तदान करने वाले: शविर में विष्णुकांत मिश्रा, अंबुज त्रिपाठी, मानसी दीक्षित, गुंजन दीक्षित, अमन तिवारी सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया। अन्य जानकारी: इस अवसर पर जिला अस्पताल की डॉक्टर टीम– डॉ. नीतू द्विवेदी, डॉ. नवनीत कुमार, सरफराज अहमद एवं दीपक कुमार—का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी कांग्रेस कार्यकताओं ने राजीव गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके योगदान को याद किया।

# भ्रष्टाचार के आरोपों में कंस्ट्रक्शन फर्म को भुगतान, 19 ग्राम पंचायतों को नोटिस

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**राजपुर (कानपुर देहात), 23 मई:** भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरी कामदगिरि कंस्ट्रक्शन फर्म को किए गए भुगतान के मामले में पंचायती राज विभाग ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में चार विकास खंडों की 19 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों और सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार, विकास खंड राजपुर में तैनात एक तकनीकी सहायक पर अपने संबंधियों के नाम से फर्म बनाकर 15वें वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग से करीब 45 लाख रुपये का भुगतान कराने के आरोप लगे हैं। जांच में विकास खंड अमरौधा, मलासा, डेरापुर और राजपुर की विभिन्न ग्राम पंचायतों से कुल ?45,03,603 के भुगतान की जानकारी सामने आई है। इनमें अमिलिया, बरौली, बील्हापुर, चकचालपुर, चांदापुर, चपरघटा, गौरी रज्जन, गौरी, जल्लापुर महेरा, जुनेदापुर, सेल्हूपुर, इकरामपुर, खजुरी, गुरुगांव, गुढ़ा, लेवामऊ, दमनपुर, मदनपुर और नसीरपुर ग्राम पंचायतें शामिल हैं। पंचायती राज विभाग के अधिकारी विकास पटेल ने बताया कि संबंधित ग्राम प्रधानों, सचिवों और एडीओ पंचायत से तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। शासन के नियमों के अनुसार ग्राम प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक या अन्य पंचायत कर्मी अपने नजदीकी रिश्तेदारों के नाम से फर्म संचालित नहीं कर सकते। इसके बावजूद आरोप है कि संबंधित तकनीकी सहायक पिछले तीन वर्षों से नियमों का उल्लंघन कर भुगतान कराता रहा। फिलहाल विभाग द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि यदि गड़बड़ी पाई जाती है तो रिकवरी के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में लाखों की चोरी का खुलासा, पूर्व कर्मचारी गिरफ्तार

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**आगरा।** थाना सिकंदरा क्षेत्र स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में लाखों रुपये की चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए शोरूम के पूर्व कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बेहद शातिर तरीके से शोरूम के अंदर छिपकर रात में गल्ले से नकदी चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के 1 लाख 75 हजार 400 रुपये, एक मोबाइल फोन, सफेद धातु की चैन और एक जोड़ी पायल बरामद की है। थाना सिकंदरा में दर्ज मुकदमे के अनुसार 19 मई 2026 को आर.के. मार्केटिंग इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम के संचालक द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी कि 17 मई की रात शोरूम को मैनेजर द्वारा बंद किया गया था। अगले दिन 18 मई की सुबह करीब 11 बजे जब शोरूम खोला गया तो गल्ले में रखे लगभग 5.50 लाख रुपये गायब मिले। घटना की जानकारी मिलते ही थाना सिकंदरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस लगातार सीसीटीवी फुटेज, संदिग्धों और शोरूम से जुड़े लोगों की गतिविधियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी भावना क्लार्क होटल के पास मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी सोनू ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि वह पहले इसी शोरूम में काम करता था। 17 मई को वह अपने पुराने रुपये लेने के बहाने शोरूम पहुंचा था। इसके बाद दोस्तों से मिलने की बात कहकर वह शोरूम के अंदर चला गया और बेसमेंट में छिपकर बैठ गया। रात में शोरूम बंद होने के बाद उसने आराम से गल्ले में रखी नकदी चोरी कर ली और मौके से फरार हो गया।

आरोपी ने पुलिस को बताया कि चोरी किए गए रुपयों में से कुछ पैसों से उसने एक मोबाइल फोन, सफेद धातु की चैन और पायल खरीदी। बाकी रुपये उसने शराब और शौक-मौज में खर्च कर दिए। पुलिस के अनुसार आरोपी बचे हुए रुपये और खरीदे गए सामान को लेकर अपने गांव भागने की फिराक में था, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोनू पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी ग्राम अवनीपुरा, हनुमान मंदिर के पास थाना बसरैहर जिला इटावा के रूप में हुई है। वर्तमान में वह थाना जगदीशपुरा क्षेत्र के बोदला सेक्टर-2 में किराये पर रह रहा था। थाना सिकंदरा पुलिस की इस कार्रवाई से व्यापारियों में राहत का माहौल है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और चोरी की घटनाओं में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## अतिक्रमण अभियान के बावजूद नहीं सुधर रहे हालात, वायरल वीडियो में दिखी अव्यवस्था

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और अतिक्रमण हटाने को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है, लेकिन रामबाग चौराहे पर हालात अब भी बदतर बने हुए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में चौराहे पर फैली अव्यवस्था, ऑटो चालकों की मनमानी और भीषण जाम की तस्वीरें सामने आई हैं, जिससे आम लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि रामबाग चौराहे पर ऑटो चालक सड़क किनारे मनमाने तरीके से वाहन खड़े कर सवारियां भर रहे हैं।

वहीं पार्किंग ठेकेदारों की लापरवाही और अव्यवस्थित संचालन के चलते सड़कें संकरी हो गई हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में जाम की स्थिति बनी हुई है। प्रचंड गर्मी के बीच राहगीरों, स्कूली बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और मरीजों को घंटों जाम में फंसना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाए जाने के बावजूद रामबाग चौराहे पर उसका कोई असर दिखाई नहीं दे रहा। चौराहे पर हर समय ऑटो और अन्य वाहनों की अव्यवस्थित कतारें लगी रहती हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि पार्किंग ठेकेदारों की मनमानी और ऑटो चालकों की बेरोकटोक गतिविधियों के कारण ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कई बार शिकायतों के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है।

वायरल वीडियो सामने आने के बाद अब लोगों ने प्रशासन से रामबाग चौराहे पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**कुसमरा/मैनपुरी।** नगर के भारत पेट्रोल पंप के पास शनीवार को तेज रफ्तार क्रेटा कार ने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के गांव नगला मले निवासी हरेंद्र पुत्र सत्यराम अपनी मोटरसाइकिल में पेट्रोल डलवाकर सड़क पर निकले ही थे। तभी बेवर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार क्रेटा कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हरेंद्र सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने घायल युवक को उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया।

### मेड बाधने के विवाद मे की मारपीट

**भोगांव/मैनपुरी।** खेत पर मेढ बाधंने को लेकर दवंगो ने दम्पत्ति को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरवा निवासी सोनी देवी पत्नी प्रदीप कुमार गत दिवस अपनें पति प्रदीप एंव पुत्र विनय के साथ खेत पर मेड बांध रहे थे तभी गांव के ही जिलेदार सिंह व उसके पुत्र अजीत, अमित आये और मेड बाधंने से मना करने लगे और गालिया देने लगे, मना करने पर उसे तथा उसके पति एंव पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया।

### बच्चो के विवाद मे दंपति को पीटा

**मोर्निंग सिटी संवाददाता, भोगांव/मैनपुरी।** बच्चों के विवाद को लेकर दवंगो ने महिला एंव उसके परिजनो को लाठी डन्डो से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम जमौरा निवासी अनीता देवी पत्नी आधार सिंह ने थाना कोतवाली मे रिपोर्ट दर्ज कराते हुये बताया कि विगत दिवस पडोस के ही सुनहरी लाल पुत्र श्रीपाल के बच्चो से किसी बात को लेकर उसके बच्चो का विवाद हो गया था जिस पर सुनहरी लाल, कुलदीप पुत्र श्रीपाल, जीतू ने आकर गाली गलौज करने लगे तथा उसके एंव बच्चो के साथ मारपीट कर दी।

### नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का शानदार आगाज

डेकन चार्जर्स को हराकर एस एम कोल्ड एकादश विजयी, - अंशू यादव बने मैन ऑफ द मैच, 9 गेंदों पर 26 रन बनाए

**मोर्निंग सिटी संवाददाता, कुसमरा/मैनपुरी।** कस्बा स्थित महाकवि देव इंटर कॉलेज के पीछे मैदान में भव्य नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ हो गया है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष किन्नर सभा के रजनी गुरु ने फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मुकाबला एस एम कोल्ड बनाम डेकन चार्जर्स के मध्य खेला गया, जिसमें एस एम कोल्ड की टीम ने एकतरफा जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए एस एम कोल्ड की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 89 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में 89 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी डेकन चार्जर्स की टीम शुरूआत से ही लड़खड़ा गई। एस एम कोल्ड टीम के गेंदबाजों की सटीक लाइन-लेंथ के आगे विपक्षी बल्लेबाज टिक नहीं सके और पूरी टीम महज 68 रनों पर ही सिमट गई। एस एम कोल्ड टीम के गेंदबाज अंशु यादव ने घातक गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम के 3 विकेट चटकाए। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। इस उद्घाटन मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए अंकी शाक्य, रितिक यादव, सुखवीर यादव, संजीव, जोयटी, लालू, दीपू यादव, रिशव, कल्लू, राजन, अमित, सुमित और आदित्य सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

### खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन देने पर मंथन

**मोर्निंग सिटी संवाददाता, आगरा।** जनपद में खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने और खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति अजय नारायण सिंह ने की। बैठक में खेल विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में क्लबों, होटलों और अन्य प्रतिष्ठानों में संचालित तरणताल (स्विमिंग पूल) एवं जिम के पंजीकरण, पंजीकरण शुल्क, नियम एवं निरीक्षण प्रक्रिया को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने कहा कि खेल गतिविधियों को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए इन संस्थानों का पंजीकरण आवश्यक है। जिला स्तर पर विभिन्न खेल संघों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में विजयी खिलाड़ियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप खेल किट, उपकरण और सम्मान प्रदान करने का प्रस्ताव भी बैठक में रखा गया। इसके साथ ही खेल विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के लिए प्रतिदिन 30 रुपये प्रति खिलाड़ी अल्पाहार राशि आरक्षित करने का प्रस्ताव रखा गया, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। बैठक में क्रिकेट, शूटिंग, वॉलीबॉल, लॉन टेनिस और हॉकी जैसे खेलों के लिए कुशल प्रशिक्षकों की कमी को देखते हुए अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षकों की नियुक्ति का प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया। वहीं शूटिंग खेल के लिए एयर पिस्टल, राइफल और टारगेट मशीनों की मरम्मत कराने के साथ खराब पड़े आरओ प्लांट को दुरुस्त कराने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। समिति के समक्ष यह भी बताया गया कि वर्तमान व्यवस्था के तहत किसी भी मरम्मत या आवश्यक कार्य को समिति की पूर्व स्वीकृति के बिना नहीं कराया जा सकता, जिससे खिलाड़ियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए पांच हजार रुपये तक के आकस्मिक फंड की व्यवस्था का प्रस्ताव रखा गया। इस पर निर्देश दिए गए कि तत्काल मरम्मत, अनुरक्षण और आवश्यक कार्य पहले कराए जाएं तथा बाद में उनके बिल समिति के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किए जाएं।

## सोशल मीडिया पॉलिसी उल्लंघन पर आगरा कमिश्नरेट में बड़ी कार्रवाई

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** सोशल मीडिया पर वर्दी में रील, वीडियो और पोस्ट साझा करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ आगरा पुलिस कमिश्नरेट ने बड़ा कदम उठाया है।

सोशल मीडिया पॉलिसी-2023 के उल्लंघन और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के मामले में 8 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई की जद में आए पुलिसकर्मियों में 5 उपनिरीक्षक, 2 महिला उपनिरीक्षक और 1 महिला आरक्षी शामिल हैं। बताया गया है कि संबंधित पुलिसकर्मी इंस्टाग्राम, फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वर्दी में फोटो, रील और वीडियो पोस्ट कर रहे थे। इनमें कुछ पोस्ट ऐसे भी पाए गए जिन्हें विभागीय अनुशासन और सोशल मीडिया पॉलिसी के विरुद्ध माना गया।

कमिश्नरेट स्तर पर लगातार सोशल मीडिया गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जा रही थी। जांच के दौरान यह सामने आया कि कई पुलिसकर्मी पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों और चेतावनियों के बावजूद सोशल मीडिया पर सक्रिय बने हुए थे। उच्चाधिकारियों ने इसे अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता मानते हुए सख्त रुख अपनाया और तत्काल कार्रवाई के आदेश जारी किए। पुलिस विभाग की सोशल मीडिया पॉलिसी-2023 के तहत वर्दी में किसी भी प्रकार की अनुचित पोस्ट, वीडियो, रील या विभागीय छवि को प्रभावित करने वाली सामग्री साझा करने पर रोक है। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी किए जाने को गंभीरता से लिया गया।

अधिकारियों का कहना है कि पुलिस की वर्दी और विभागीय गरिमा सर्वोपरि है तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अनुशासनहीन गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस कार्रवाई के बाद आगरा पुलिस कमिश्नरेट में सोशल मीडिया उपयोग को लेकर निगरानी और सख्त कर दी गई है। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि भविष्य में भी सोशल मीडिया पॉलिसी का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## पालीवाल पार्क क्षेत्र में मजदूर का खोया मोबाइल पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर लौटाया

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**आगरा।** थाना हरीपर्वत क्षेत्र स्थित पालीवाल पार्क इलाके में मजदूरी करने वाले एक युवक का मोबाइल फोन संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की और कुछ ही देर में मोबाइल बरामद कर उसे उसके मालिक को सौंप दिया। पुलिस की इस सक्रिय कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है। मध्य प्रदेश के छतरपुर जनपद स्थित ग्राम रनुआ निवासी कैलाश बंसल पुत्र बंटु बंसल डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय परिसर में लेबर का कार्य करता है तथा वहीं झुग्गी बनाकर रहता है। कैलाश के अनुसार वह दोपहर करीब 12:30 बजे अपना मोबाइल झुग्गी में रखकर काम करने चला गया था। बाद में भोजन करने वापस लौटा तो मोबाइल निर्धारित स्थान पर नहीं मिला। काफी खोजबीन के बाद भी मोबाइल नहीं मिलने पर उसने पुलिस को सूचना दी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना हरीपर्वत प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में पालीवाल पार्क चौकी इंचार्ज सोनू कुमार ने अपनी टीम के साथ तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर लोकेशन ट्रेस की और आसपास क्षेत्र में तलाश अभियान चलाया। जांच के दौरान शिकायतकर्ता की झुग्गी से करीब 50 मीटर दूरी पर मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया।

बरामद मोबाइल की पहचान कैलाश बंसल ने अपने फोन के रूप में की, जिसके बाद पुलिस ने विधिवत मोबाइल उसे सुपुर्द कर दिया। अपना खोया मोबाइल वापस मिलने पर मजदूर कैलाश बंसल बेहद खुश नजर आया और उसने थाना हरीपर्वत पुलिस, विशेष रूप से चौकी इंचार्ज सोनू कुमार व उनकी टीम की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से इलाके में भी सकारात्मक संदेश गया है।

## ग्राइंडर एप पर दोस्ती बनी ब्लैकमेलिंग का जाल, चार आरोपी गिरफ्तार



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** सोशल मीडिया और डेटिंग एप के जरिए लोगों को जाल में फंसाकर ब्लैकमेल करने वाले एक गैंग का थाना एकता पुलिस और सर्विलांस सेल ने पदार्फाश किया है। पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो ग्राइंडर एप के माध्यम से युवक को बुलाकर उसके साथ मारपीट, अश्लीलता और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर जबरन रुपये वसूलते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार, दो मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन समेत अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 21 मई 2026 को थाना एकता में पीड़ित युवक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी ग्राइंडर एप के माध्यम से एक व्यक्ति से दोस्ती हुई थी। 20 मई को आरोपी ने उसे 100 फुटा रोड पर मिलने के लिए बुलाया। युवक जब वहां पहुंचा तो आरोपियों ने उसे कार में बैठा लिया और तोरा चौकी से सुनसान इलाके की ओर ले गए। वहां उसके साथ मारपीट की गई, मोबाइल फोन छीन लिया गया और उसके साथ अश्लील हरकतें की गईं। इतना ही नहीं आरोपियों ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित को रिंग रोड के पास सुनसान स्थान पर ले जाकर दो लाख रुपये की मांग की गई। भयभीत युवक से आरोपियों ने उसके मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर करीब एक लाख चार हजार रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। बाद में उसे भोला डेयरी के पास छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि अगले दिन आरोपियों ने फिर मैसेज भेजकर 50 हजार रुपये की और मांग की, जिसके बाद उसने पुलिस की शरण ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना एकता पुलिस और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर 22 मई को गुतला मोड़ से देवरी पुलिया जाने वाले रास्ते के पास से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सूरज ठाकुर निवासी रौनक एन्क्लेव थाना एकता, सौरभ यादव, नमन यादव और अभिषेक यादव निवासी बरौली अहीर थाना एकता शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक कार, एक बुलेट मोटरसाइकिल, एक पल्सर बाइक, एक मोबाइल फोन, पर्स, आधार कार्ड, पैन कार्ड और 2500 रुपये नकद बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से ग्राइंडर एप के जरिए युवक को फंसाया था। सुनसान इलाके में ले जाकर वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया और ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कराए। पुलिस अब आरोपियों के आपराधिक इतिहास और इस तरह की अन्य घटनाओं में संलिप्तता की भी जांच कर रही है। कमिश्नरेट पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया और डेटिंग एप पर अनजान लोगों से सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## ताज सुरक्षा पुलिस बनी पर्यटकों के भरोसे की पहचान

सेवा, सुरक्षा और संवेदना की मिसाल पेश कर रही आगरा पुलिस, देश-विदेश से आने वाले पर्यटक कर रहे ताज सुरक्षा व्यवस्था की सराहना

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**आगरा।** विश्व प्रसिद्ध ताजमहल पर आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर आगरा पुलिस की ताज सुरक्षा इकाई इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई है। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के निर्देशन में ताजमहल परिसर में तैनात ताज सुरक्षा पुलिस सेवा, सुरक्षा और संवेदना की अनूठी मिसाल पेश कर रही है।

पर्यटक न केवल ताजमहल की खूबसूरती से प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि आगरा पुलिस की अनुशासित और फ्रेंडली कार्यशैली की भी खुलकर सराहना कर रहे हैं। सहायक पुलिस आयुक्त ताज सुरक्षा मयंक तिवारी के निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक तिलक राम भाटी के नेतृत्व में ताज सुरक्षा पुलिस द्वारा पर्यटकों की सुरक्षा, मार्गदर्शन और व्यवस्थाओं को बेहद व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा रहा है। ताजमहल परिसर में तैनात पुलिसकर्मी लगातार पर्यटकों की सहायता कर रहे हैं, जिससे पर्यटकों में सुरक्षा का भाव मजबूत हुआ है। ताज सुरक्षा पुलिस द्वारा महिला पर्यटकों और स्कूली छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूक भी किया जा रहा है। उन्हें महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों और साइबर ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है।

पुलिस की इस पहल को लोगों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। विदेशी पर्यटकों ने भी आगरा पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां की सुरक्षा व्यवस्था बेहद प्रभावी, व्यवस्थित और भरोसेमंद है। कई पर्यटकों ने पुलिस कर्मियों के व्यवहार, सतर्कता और सहयोगात्मक रवैये की खुले दिल से तारीफ की। उनका कहना है कि ऐसी व्यवस्था पर्यटन अनुभव को और अधिक सुरक्षित और यादगार बनाती है। ताज सुरक्षा पुलिस की इस सकारात्मक कार्यशैली से न केवल आगरा पुलिस की छवि मजबूत हुई है, बल्कि देश और विदेश में भी इसकी सकारात्मक पहचान बनी है। ताजमहल पर आने वाले पर्यटक यहां की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संतोष व्यक्त कर रहे हैं।

इस दौरान ताज सुरक्षा पुलिस टीम में उ0नि0 शिवराज सिंह, उ0नि0 धीरेंद्र यादव, उ0नि0 सतीश कुमार, मुख्य आरक्षी विजय प्रताप यादव तथा महिला मुख्य आरक्षी सविता सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रूप से ड्यूटी निभाते नजर आए।

## नगला बहरावती अब पृथ्वीपुरा के नाम से जाना जाएगा

शासन ने जारी किए निर्देश, आगरा के किरावली तहसील स्थित राजस्व ग्राम का बदला नाम

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**आगरा।** जनपद आगरा की किरावली तहसील स्थित राजस्व ग्राम नगला बहरावती का नाम अब बदलकर पृथ्वीपुरा कर दिया गया है। शासन स्तर से इस संबंध में औपचारिक निर्णय लेते हुए आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। नाम परिवर्तन के बाद अब सभी सरकारी अभिलेखों, राजस्व दस्तावेजों और प्रशासनिक कार्यों में गांव को पृथ्वीपुरा नाम से दर्ज किया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं प्रभारी अधिकारी (संख्या कार्यालय) ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश, अनुभाग-9 लखनऊ की ओर से जारी पत्र में राजस्व ग्राम नगला बहरावती तहसील किरावली, जनपद आगरा का नाम बदलकर पृथ्वीपुरा किए जाने का निर्णय लिया गया है। शासन द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन की ओर से सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शासन एवं राजस्व परिषद द्वारा जारी आदेशों का तत्काल प्रभाव से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही अधीनस्थ अधिकारियों को भी निर्देश दिए जाएं कि वे संबंधित अभिलेखों, दस्तावेजों और विभागीय रिकॉर्ड में नए नाम को अपडेट करें।

गांव का नाम परिवर्तन होने के बाद क्षेत्र में इसको लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है। प्रशासनिक स्तर पर अब राजस्व रिकॉर्ड, सरकारी योजनाओं, नक्शों और अन्य आधिकारिक दस्तावेजों में पृथ्वीपुरा नाम दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## भरतपुर हाईवे स्थित इंडसंड बैंक के एटीएम का ताला तोड़ने की कोशिश

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**आगरा।** फतेहपुर सीकरी कस्बे में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। शुक्रवार रात भरतपुर हाईवे रोड स्थित इंडसंड बैंक के एटीएम को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ने का प्रयास किया। इतना ही नहीं, पहचान छिपाने के लिए बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों पर भी स्प्रे कर दिया गया। हालांकि गनीमत रही कि चोर बैंक से कोई रकम नहीं ले जा सके। घटना थाना फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के भरतपुर हाईवे रोड स्थित चार हिस्सा इलाके की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात अज्ञात बदमाश इंडसंड बैंक के एटीएम तक पहुंचे और एटीएम का ताला तोड़ने की कोशिश की। बदमाशों ने बैंक में लगे कैमरों को निष्क्रिय करने के उद्देश्य से उन पर स्प्रे डाल दिया, ताकि उनकी पहचान न हो सके। शनिवार सुबह बैंक मैनेजर विक्रम सिंह जब बैंक पहुंचे तो एटीएम और कैमरों की स्थिति देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना थाना फतेहपुर सीकरी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बैंक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें दो संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे रहे हैं। हालांकि कैमरों पर स्प्रे डाले जाने के कारण फुटेज पूरी तरह स्पष्ट नहीं मिल सकी। फिलहाल पुलिस संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई सुराग हाथ नहीं लग सका था। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी और लूट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। लोगों ने आरोप लगाया कि बैंक परिसर पर रात के समय कोई चौकीदार या सुरक्षा कर्मी मौजूद नहीं रहता, जिसका फायदा अपराधी उठा रहे हैं। फतेहपुर सीकरी पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।



# घोस्ट डायरेक्टिंग पर बोले आमिर खान

आमिर खान को बॉलीवुड का 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' कहा जाता है। फिल्मों में उनकी गहरी दिलचस्पी और हर छोटी-बड़ी चीज पर ध्यान देने की आदत की वजह से अक्सर ऐसी अफवाहें उड़ती रही हैं कि वह अपनी फिल्मों को पर्दे के पीछे से खुद डायरेक्ट करते हैं। लेकिन अब आमिर खान ने इन सभी खबरों पर खुलकर जवाब दिया है। हाल ही में स्क्रीन एकेडमी इवेंट के दौरान आमिर खान ने साफ कहा कि अपने 38 साल के करियर में उन्होंने सिर्फ एक ही फिल्म डायरेक्ट की है और वह 'तारे जमीन पर' है। बाकी फिल्मों को लेकर जो 'घोस्ट डायरेक्टिंग' की बातें होती हैं, वह पूरी तरह गलत हैं।

आमिर ने कहा, 'मीडिया ने हमेशा कहा कि मैं फिल्मों को पर्दे के पीछे से डायरेक्ट करता हूं। लेकिन ऐसा क्यों करूंगा मैं? अगर मैं इतना अच्छा काम कर रहा हूं तो किसी और का नाम क्यों दूंगा? क्या मुझे पागल कुत्ते ने काटा है?' उन्होंने आगे कहा कि उन्हें अपने करियर में कई शानदार डायरेक्टर्स के साथ काम करने का मौका मिला, जिनसे उन्होंने बहुत कुछ सीखा।

आमिर का मानना है कि हर निर्देशक अपनी अलग सोच और स्टाइल लेकर आता है और यही वजह है कि उनकी फिल्में एक-दूसरे से बिल्कुल अलग दिखाई देती हैं।

आमिर ने उदाहरण देते हुए कहा कि 'लगान', 'रंग दे बसंती', 'सरफरोश' और '3 इडियट्स' जैसी फिल्मों का अंदाज और कहानी अलग-अलग है, क्योंकि हर फिल्म के पीछे अलग निर्देशक की सोच थी। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्मों की सफलता सिर्फ एक इंसान की नहीं होती, बल्कि पूरी टीम की मेहनत का नतीजा होती है। आमिर ने बताया कि उन्होंने 'तलाश', 'रंग दे बसंती' या 'तारे जमीन पर' की कहानी नहीं लिखी थी। उन्हें बस ये कहानियां पसंद आईं और वह उनका हिस्सा बनना चाहते थे।

वर्कफ्रंट की बात करें तो आमिर खान आखिरी बार 'सितारे जमीन पर' में नजर आए थे। आने वाले समय में वह राजकुमार हिरानी की '3 इडियट्स' के सीक्वल में दिखाई दे सकते हैं।



# इश्क दम और इडली रसम खाना, परिवार और भावनाओं की खूबसूरत कहानी

अभिनेत्री सुरभि चंदना अपनी नई वेब सीरीज 'इश्क दम और इडली रसम' को लेकर उत्साहित हैं। खास बात है कि इस सीरीज को उन्होंने को-प्रोड्यूस भी किया है। अभिनेत्री ने अपकमिंग वेब सीरीज को परिवार, प्यार, भावनाओं और सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने वाली एक दिलकश कहानी बताया है। बालाजी टेलीफिल्म्स निर्मित यह शो दर्शकों को एक पुराने साउथ इंडियन रेस्टोरेंट की भावुक कहानी के माध्यम से खाने की खुशबू, यादों और रिश्तों की गहराई दिखाएगा। शो की कहानी एक पुराने साउथ इंडियन रेस्टोरेंट के इर्द-गिर्द घूमती है, जो टिके रहने के लिए संघर्ष कर रहा है। इस सीरीज के केंद्र में मीरा नायर हैं, जिनका किरदार शाइनी दोशी ने निभाया है। मीरा एक भावुक शेफ है, जो मानती है कि खाना सिर्फ खाना नहीं, बल्कि सेवा, सुकून और जिम्मेदारी है। अपने दिवंगत पिता की विरासत को संभालते हुए वह रेस्टोरेंट को सिर्फ एक बिजनेस नहीं, बल्कि अपनी भावनाओं और मूल्यों का हिस्सा मानती है। कहानी आगे बढ़ती है और अभिषेक कुमार के निभाए किरदार अर्जुन ठाकुर की एंट्री होती है, जो एक शेफ और इन्वेस्टर हैं। जब वह मीरा के रेस्टोरेंट में आता है, तो मीरा की दुनिया हिल जाती है। अर्जुन रेस्टोरेंट को फिर से खड़ा करने का वादा करते हैं, लेकिन साथ ही मीरा की उन सारी चीजों को बदलने का खतरा भी पैदा करते हैं जो उनके दिल के सबसे करीब हैं।




सुरभि ने इसे अपने करियर का नया अध्याय बताया और कहा कि वह आगे बढ़ते रहना चाहती हैं। सुरभि चंदना ने शो के बारे में बात करते हुए बताया, ''इश्क दम और इडली रसम' बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ काम करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। यह शो मेरे लिए बहुत खास है क्योंकि इसमें दिल, अपनापन और सादगी भरपूर है। शुरुआत से ही मुझे इस प्रोजेक्ट से गहरा जुड़ाव महसूस हुआ। कैमरे के पीछे क्रिएटिव जर्नी का हिस्सा बनना और कहानी से भावनात्मक रूप से जुड़ना मेरे लिए बेहद खूबसूरत अनुभव रहा है। यह शो प्यार, परिवार, भावनाओं और संस्कृति का ताजगी भरे अंदाज में जश्न मनाता है।' वहीं, अभिषेक कुमार ने अपने किरदार अर्जुन ठाकुर के बारे में बात करते हुए कहा, 'यह कोई आम लव स्टोरी या टिपिकल शेफ ड्रामा नहीं है। यहां खाना लोगों की भावनाओं, नियंत्रण और अतीत को समझने का जरिया है। अर्जुन उन सबसे मुश्किल किरदारों में से एक है जिन्हें मैंने निभाया है। यह किरदार गंभीर, नियंत्रित और भावनाओं को छुपाने वाला है। इस शो के जरिए मुझे एक अभिनेता के रूप में आगे बढ़ने का मौका मिला है।' शो में शाइनी दोशी, अभिषेक कुमार के अलावा नेहा लक्ष्मी अय्यर, अमन सिंह, प्रेरणा सहगल, विजया लक्ष्मी गुरव और करण खन्ना भी अहम भूमिकाओं में हैं।



# एक एक्टर के तौर पर आप फिल्म को सिर्फ अपनी नहीं मान सकते, यह पूरी टीम की होती है

**'टॉक्सिक' पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी, फिर इसे जून के लिए शिफ्ट किया गया था। लेकिन अब इसकी कोई फाइनल रिलीज डेट अभी तक घोषित नहीं की गई है। इसपर अब तारा सुतारिया ने भी अपने विचार रखे हैं।**




यश स्टारर इस पैन-इंडिया फिल्म को लेकर बताया गया था कि मिडल ईस्ट में चल रहे हालात की वजह से रिलीज प्लान में बदलाव करना पड़ा। बाद में यह भी साफ किया गया कि फिल्म पूरी तरह बनकर तैयार है, लेकिन टीम अभी इसकी ग्लोबल रिलीज और बड़े डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर्स को फाइनल करने में लगी हुई है, ताकि फिल्म को दुनिया भर में सही तरीके से रिलीज किया जा सके। इसी बीच फिल्म की एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने बातचीत में इस देरी पर अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा कि वह इस पूरी स्थिति को बहुत समझदारी से देखती हैं। तारा ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैं बहुत पेशेंस रखती हूं। मैं ये नहीं सोचती कि अगर फिल्म तुरंत रिलीज नहीं हुई तो क्या होगा। एक एक्टर के तौर पर आप फिल्म को सिर्फ अपनी नहीं मान सकते, यह पूरी टीम की होती है।' उन्होंने आगे कहा कि कई बार बड़े फैसलों के पीछे सही वजहें होती हैं, जिन्हें प्रोड्यूसर्स और डायरेक्टर्स बेहतर समझते हैं। तारा ने यह भी कहा कि वह दर्शकों की एक्साइटमेंट को समझती हैं और खुद भी फिल्म का इंतजार कर रही हैं, लेकिन उनका मानना है कि यह इंतजार फिल्म के लिए फायदेमंद साबित होगा और इसे ग्लोबली बेहतर रिस्पॉन्स मिलेगा।

अब यश के फैंस बेसब्री से फिल्म की नई रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में कियारा और यश के अलावा नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत जैसे कलाकार हैं। इसमें यश डबल रोल में होंगे।

# असली फेमिनिज्म वही, जहां पुरुष अपनी महिला को पहचान बनाने का पूरा मौका दे



**टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री रुबिना दिलैक ने हाल ही में नारीवाद और रिश्तों में पुरुष व महिला ऊर्जा के संतुलन पर अपनी राय रखी। उनका कहना है कि असली नारीवाद (फेमिनिज्म) तभी संभव है, जब एक पुरुष अपनी साथी को अपनी पहचान बनाने और आगे बढ़ने का पूरा मौका दे।**

खास बातचीत में रुबिना ने कहा, 'जब तक कोई पुरुष अपनी महिला की पहचान को खिलने का मौका नहीं देता, तब तक हम फेमिनिज़्म के बारे में चाहे कितनी भी जोर से क्यों न बात कर लें, यह मुमकिन नहीं है।' उन्होंने इसे आध्यात्मिक नजरिए से भी समझाया। रुबिना ने कहा कि जैसे शक्ति और शिव की ऊर्जा मिलकर संतुलन बनाती है, वैसे ही रिश्तों में भी पुरुष और महिला दोनों की भूमिकाएं बराबर अहम होती हैं। जब शक्ति को अपनी ताकत दिखानी होती है, तब वह सामने आती है और जब शिव को अपनी पुरुष ऊर्जा दिखानी होती है, तब वह नजर आती है। यही दोनों शक्तियों का खूबसूरत संतुलन है।

रुबिना ने आगे बताया कि रिश्तों में समय के साथ कई बदलाव आते हैं। कभी एक साथी अपने सपनों को पूरा करने में लगा होता है, तो दूसरा उसका साथ देता है। उन्होंने अपने पति अभिनव शुक्ला का उदाहरण देते हुए कहा कि जिंदगी में कुछ समय ऐसा होगा जब अभिनव अपने काम और सपनों पर ध्यान देंगे और वह उनका साथ देंगी। वहीं कुछ समय ऐसा भी आएगा जब वह अपने सपनों को पूरा करेंगी और अभिनव उनका साथ करेंगे। उन्होंने कहा, 'जब आप इस बात को समझते हैं, तो इससे परिवार के लिए एक मजबूत वैल्यू सिस्टम बनता है।' रुबिना जल्द ही टीवी के चर्चित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी के 15वें सीजन में नजर आने वाली हैं। शो की शूटिंग के लिए वह जल्द ही दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन रवाना होंगी। रुबिना ने यह भी बताया कि अपनी जुड़वां बेटियों से 40 दिनों तक दूर रहना उनके लिए एक मां के तौर पर काफी मुश्किल होने वाला है। उन्होंने कहा कि बच्चों से दूर रहकर उनके गले लगने और प्यार को मिस करना आसान नहीं होगा।



# मैं नेपो किड नहीं हूं

कभी बॉलिवुड सिलेब्स के साथ फोटो खिंचवाकर चर्चा में आए ओरहान अवात्रामणि उर्फ ओरी आज खुद एक सोशल मीडिया स्टार बन चुके हैं। वहीं, अब जल्द ही वह टीवी के मशहूर रिएलिटी शो खतरों के खिलाड़ी के 15वें सीजन में खतरों से खेलते हुए भी दिखेंगे। ऐसे में, जब हमने ओरी से इस शो में भागीदारी की वजह जाननी चाही तो उनका जवाब चौंकाने वाला था। ओरी का कहना है कि बहुत समय से उन्हें खुशी, दुख, दर्द, भय कोई भी इमोशन महसूस नहीं होता, इसलिए उन्होंने इस शो को हां कहा ताकि वे शो के चुनौतीपूर्ण टास्क के दौरान वापस जिंदा महसूस कर सकें।

### काफी समय से बहुत डिप्रेशन में हूं

बकौल ओरी, 'मैं जिस तरह की जिंदगी जीता हूं, उसमें मैं हर तरह से अहसास के प्रति डीसेंसिटाइज यानी संवेदनहीन हो चुका हूं। मैं चाहे नई गाड़ी ले लूं, बैग ले लूं, हॉलिडे पर चला जाऊं, मुझे कोई भी चीज एक्साइट नहीं करती। मैंने खतरों के खिलाड़ी 15 के लिए इसलिए हां कहा, क्योंकि मैं जिंदगी को महसूस करना चाहता हूं। मैं फिर जिंदा महसूस करना चाहता हूं। मैं काफी समय से बहुत ही डिप्रेस्ड (अवसादग्रस्त) रहा हूं। मुझे बहुत अजीब लगता है, जब मैं बाहर जाता हूं और मेरे इतने सारे फैंस मुझे सिर्फ देखकर इतने उत्साहित होते हैं। मतलब मेरे जैसे खुद अवसाद में जी रहे इंसान के लिए यह विडंबना ही है। लेकिन सोशल मीडिया पर तो ओरी बहुत खुशमिजाज लगते हैं? इस पर वह कहते हैं, 'आपको दुनिया के सामने अपना बेस्ड साइड ही दिखाना पड़ता है। आप वहां ऐसी पिक्चर्स नहीं पोस्ट कर सकते जिसमें खुश न हों पर मैंने बहुत समय से कुछ महसूस नहीं किया है।'

### खुशी, दुख, उत्साह कुछ महसूस नहीं होता


क्या ओरी को जिंदगी में किसी चीज से डर लगता है? यह पूछने पर वह कहते हैं, 'नहीं, वही तो मैं कह रहा हूं कि मुझे याद नहीं आता कि आखिरी बार कब मैंने कोई भी फीलिंग महसूस किया था। खुशी, गुस्सा, दुख, उत्साह, कोई भी अहसास। कई बार मुझे खुद को याद दिलाना पड़ता है कि मुझे कुछ महसूस करना है। इसके लिए मुझे खुद पर बहुत जोर डालना पड़ता है।

### सांस भी लेता हूं तो लोग जज करते हैं

ओरी को सोशल मीडिया पर पॉपुलैरिटी और ट्रोलिंग दोनों भरपूर मिली है। उन्हें काफी जज भी किया जाता है। वह कहते हैं, 'मुझे दोनों ही चीजों से फर्क नहीं पड़ता। मैं कोई नेपो किड नहीं हूं। मैं फेमस पैदा नहीं हुआ हूं। मैंने अपनी प्रसिद्धि कमाई है तो अगर मैं पहले इसके बिना रहा हूं तो बाद में भी रह सकता हूं। रही बात जजमेंट की तो लोगों ने मुझे हर वक्त जज किया है, इसलिए मैं उसके प्रति भी पूरी तरह डीसेंसिटाइज हो चुका हूं। मुझे फर्क ही नहीं पड़ता क्योंकि मैं कुछ भी करूं लोग मुझे जज ही करते हैं। मैं घर से बाहर निकलता हूं और जज होता हूं।

### मेरा सारा के साथ कोई विवाद नहीं है

पिछले दिनों ओरी का उनकी खास दोस्त सारा अली खान के साथ विवाद भी सुर्खियों में रहा। इस बारे में ओरी बताते हैं, 'मेरा सारा के साथ कोई विवाद नहीं है। मेरा विवाद उसकी मां अमृता सिंह के साथ है, मगर मैं सारा के साथ दोस्त होने का दिखावा नहीं कर सकता, जबकि उसकी मां ने मेरे साथ इतना गलत किया। मैंने यही कहा है कि जो अमृता ने मेरे साथ किया, वो ठीक नहीं था और जब तक वो माफी नहीं मांगती, मैं सारा अली खान के साथ दोस्ती का दिखावा नहीं कर सकता। वरना सारा के साथ मेरी कोई बैर नहीं थी। उन्होंने अभी तक कोई माफी नहीं मांगी है। मैं अब भी इंतजार कर रहा हूं।'



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), एन-30 ऑफसेट रघुनाथपुर सेक्टर-22, नोएडा उत्तर प्रदेश से छपवाकर हाउस न.. - 52 , ग्रीनवुड -2 , सेक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, 201308 से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949)
(समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है। ई-मेल-noida.morningcity@gmail.com।